संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-212 सोमवार,03 जून 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# अरुणाचल प्रदेश में फिर से बनी बीजेपी सरकार

» 60 में से 46 सीटों पर ऐतिहासिक जीत...

» अरुणाचल में सत्ता में लौटी...




**नई दिल्ली,02 जून 2024 (ए)।** भाजपा ने अरुणाचल प्रदेश में लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी करते हुए रविवार को 60 सदस्यीय विधानसभा में 46 सीट जीतकर बहुमत हासिल कर लिया। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राज्य में 60 में से 50 विधानसभा सीट के लिए 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के साथ मतदान हुआ था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 10 सीट पहले ही निर्विरोध जीत ली थीं. अधिकारियों के अनुसार,जिन 50 सीट पर मतदान हुआ,उनमें से भाजपा ने 36 सीट पर जीत दर्ज की और मुख्यमंत्री पेमा खांडू निर्विरोध जीतने वाले 10 उम्मीदवारों में से एक हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा की जीत पर राज्य के लोगों का धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, धन्यवाद अरुणाचल प्रदेश! इस अद्भुत राज्य की जनता ने विकास की राजनीति को स्पष्ट जनादेश दिया है। अरुणाचल में भाजपा पर एक बार फिर अपना विश्वास जताने के लिए उन्हें मेरा आभार. हमारी पार्टी राज्य के विकास के लिए और भी अधिक उमंग के साथ काम करेगी। मोदी ने यह भी कहा, मैं चुनाव अभियान में अरुणाचल के असाधारण भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत की सराहना करना चाहूंगा। जिस तरह वे पूरे राज्य में गए और लोगों से जुड़े,वह सराहनीय है। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) को पांच सीट मिलीं,जबकि पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल ने दो और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने तीन सीट पर जीत दर्ज की।.कांग्रेस ने एक सीट जीती और तीन सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार विजयी हुए हैं। भाजपा ने अरुणाचल प्रदेश में 2019 के विधानसभा चुनाव में 41 सीट पर जीत हासिल की थी। भाजपा ने अरुणाचल प्रदेश में लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी करते हुए रविवार को 60 सदस्यीय विधानसभा में 46 सीट जीतकर बहुमत हासिल कर लिया। खांडू की राजनीतिक यात्रा एक व्यक्तिगत त्रासदी के बीच शुरू हुई. उनके पिता एवं पूर्व मुख्यमंत्री दोर्जी खांडू का 2011 में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में निधन हो गया था। पेमा खांडू वर्ष 2000 में कांग्रेस में शामिल हुए और विभिन्न पदों पर रहे। वह जून 2011 में अपने पिता के निर्वाचन क्षेत्र मुक्तो से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में विधानसभा उपचुनाव में निर्विरोध चुने गए। पेमा खांडू मुख्यमंत्री नबाम तुकी की सरकार में जल संसाधन विकास और पर्यटन मंत्री बने थे।

## पेमा खांडू...संगीत,खेल के शौकीन पेमा खांडू ने सीमावर्ती अरुणाचल प्रदेश में फिर खिलाया कमल

खेल और संगीत के शौकीन पेमा खांडू पिछले कुछ वर्षों में अरुणाचल प्रदेश में एक बड़े नेता के रूप में उभरे हैं विशेषकर 2016 में पैदा हुए उस संवैधानिक संकट के बाद जिसके कारण राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाना पड़ा था. खांडू कुशल चुनावी रणनीतिकार के रूप में अपनी छवि बनाने में भी सफल रहे हैं। अपनी रणनीति की बदौलत ही उन्होंने इस पूर्वोत्तर राज्य में कमल (भाजपा का चुनाव चिह्न) फिर से खिलाया है।

### भाजपा ने अरुणाचल में जीत बरकरार रखा

भाजपा ने अरुणाचल प्रदेश विधानसभा की 60 में से 34 सीटें हासिल कर सत्ता बरकरार रखी है

### पेमा खांडू ने नेताओं को शुभकामनाएं दीं

बीजेपी के जीत की ओर बढ़ने पर अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने पार्टी के नेताओं को दीं शुभकामनाएं।

### इटानगर स्थित भाजपा कार्यालय में जश्न

अरुणाचल प्रदेश में भाजपा की सत्ता में वापसी के बाद इटानगर स्थित भाजपा कार्यालय में जश्न शुरू हो गया है। सत्तारूढ़ बीजेपी ने 17 सीटें जीत ली हैं और 29 पर आगे रही। नेशनल पीपुल्स पार्टी 6 सीटों पर आगे रही।. राज्य विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 60 विधानसभा सीटों में से 46 है।


## अरुणाचल के दो मंत्रियों ने जीता चुनाव

अरुणाचल प्रदेश के ग्रामीण कार्य विभाग (आरडब्ल्यूडी) मंत्री होनचुंग नगांदम और पर्यटन मंत्री नाकप नालो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उन उम्मीदवारों में शामिल हैं, जिन्होंने रविवार को विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की. अरुणाचल प्रदेश में 50 विधानसभा सीट के लिए रविवार सुबह छह बजे कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई मतगणना हुई। भाजपा ने 60-सदस्यीय विधानसभा में 10 सीट पहले ही निर्विरोध जीत ली । अरुणाचल प्रदेश में चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए एक साथ मतदान हुआ था।

## बीजेपी के हेयेंग मंगफी जीते

बीजेपी के हेयेंग मंगफी ने चायंगताजो सीट जीती, कांग्रेस के कोम्पू डोलो को 6,685 मतों से हराया।

## संक्षिप्त खबर



### मालगाड़ी के डिब्बे में लगी भीषण आग, मचा हड़कंप

**रामगंजमंडी,02 जून 2024(ए)।** रामगंजमंडी के पास झालावाड़ रोड रेलवे स्टेशन पर दिल्ली- मुंबई रेल लाइन पर मालगाड़ी के डिब्बे में आग लग गई, जिससे हड़कम्प मच गया. शीघ्र ही माल गाड़ी के अन्य डिब्बों ने भी आग पकड़ ली. आग की चपेट में आने से 3 डिब्बे क्षतिग्रस्त हो गए हैं. सूचना पर एक के बाद पहुंची 4 दमकलों ने आग पर काबू पा लिया. हादसे के बाद विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त होने से रेल यातायात प्रभावित हुआ. दिल्ली-मुंबई जाने वाली ट्रेनों को रामगंजमंडी रेलवे स्टेशन, श्यामगढ़, मोड़क स्टेशन पर पर रोक दिया. हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई. इस दौरान शनिवार को 12 पैसेंजर ट्रेनें प्रभावित हुई और 6 घंटे से अधिक यात्रियों को इंतजार करना पड़ा।

# सेक्स स्कैंडल के जांच में सहयोग नहीं कर रहा प्रज्वल रेवन्ना



» अब एसआईटी को अश्लील वीडियो बनाने वाले फोन की तलाश

**बेंगलुरु,02 जून 2024(ए)।** यौन शोषण और सेक्स स्कैंडल के मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी प्रज्वल रेवन्ना जांच में अधिकारियों के साथ सहयोग नहीं कर रहा है। विशेष जांच दल अब उस ‘लापता’ मोबाइल फोन की तलाश कर रही है जिसका इस्तेमाल आरोपी ने कथित तौर पर पीड़ितों के साथ यौन कृत्यों और मारपीट को रिकॉर्ड करने के लिए किया था। सूत्रों ने बताया कि मोबाइल फोन की बरामदगी अधिकारियों के लिए जांच का केंद्र बन गई है क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना अधिकारियों के सवालों के जवाब देने में बच रहा हैं।

### वीडियो की होगी फॉरेंसिक जांच

पता चला है कि प्रज्वल रेवन्ना की आवाज के नमूने एकत्र किए जाएंगे और वीडियो में आवाज से मिलान करने के लिए फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) को भेजे जाएंगे। एसआईटी सूत्रों ने बताया कि पूछताछ के दौरान हासन के सांसद चुप्पी साधे रहे। पूछताछ के दूसरे दिन भी अधिकारियों को प्रज्वल रेवन्ना से कोई खास जानकारी नहीं मिली। शुक्रवार को की गई पूछताछ में प्रज्वल रेवन्ना ने दावा किया कि उनका सेक्स वीडियो से कोई संबंध नहीं है और जांचकर्ता इसकी जांच कर सकते हैं।

### राजनीतिक साजिश का दावा किया प्रज्वल ने

सूत्रों ने कहा,प्रज्वल अपनी गिरफ्तारी के बाद से ही जांच में सहयोग नहीं कर रहा है। उसका दावा है कि यह स्कैंडल उसके खिलाफ एक राजनीतिक साजिश है और वह अपने वकील से सलाह लेने के बाद ही सवालों के जवाब देगा। एसआईटी को अपनी जांच में पता चला है कि प्रज्वल रेवन्ना ने 29 मार्च 2023 को हासन में अपने निजी सहायक भरत राज के माध्यम से एक मोबाइल फोन गुम होने के बारे में शिकायत दर्ज कराई थी।

### कार्तिक निजी वीडियो देखने वाला पहला व्यक्ति

सूत्रों के मुताबिक लापता फोन प्रज्वल रेवन्ना के पूर्व ड्राइवर कार्तिक गौड़ा के पास है। कार्तिक गौड़ा फिलहाल फरार है और एसआईटी उसे पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

# डीएम को धमका रहे हैं अमित शाह...

» ऐसा कहने वाले कांग्रेस नेता पर चुनाव आयोग सख्त




**नई दिल्ली,02 जून 2024 (ए)।** निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश को पत्र भेजकर उनके एक बयान पर स्पष्टीकरण मांगा है, जिसमें उन्होंने दावा करते हुए कहा कि निवर्तमान गृह मंत्री 150 कलेक्टर (डीएम) से फोन पर बात करते हैं। आयोग ने रमेश को नोटिस भेजकर कहा है कि आप अपनी बातों का प्रमाण सहित उत्तर हमारे पास भेजें, क्योंकि चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है और स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए देश का सारा प्रशासन आयोग के पास आ जाता है। जिलाधिकारी और जिले के अन्य बड़े अधिकारी रिटर्निंग ऑफिसर के तौर पर आयोग के निर्देशन में काम करते हैं। अत आपको ये बताना होगा कि आपकी इस जानकारी और इस सार्वजनिक पोस्ट का आधार क्या है। आयोग ने जयराम रमेश को लिखा है कि आप एक राष्ट्रीय पार्टी के काफी वरिष्ठ और अनुभवी नेता हैं। आप सभी तथ्यों के साथ दो जून शाम सात बजे तक अपना जवाब आयोग के पास भेज दें, ताकि समुचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# मध्यप्रदेश में 1 जुलाई से लागू होंगे तीन नए कानून

» तीनों लॉ को समझने के लिए पुलिसकर्मियों को दी जा रही ट्रेनिंग...

» इसका मकसद न्याय दिलाना...




**नर्मदापुरम,02 जून 2024(ए)।** देश को आजाद हुए करीब 76 साल बीत चुके हैं, लेकिन उनके बनाए कानून आज भी लागू हैं। हालांकि,आजादी के बाद कानून में कई सारे बदलाव भी हुए हैं। अब देश में आपराधिक कानून को भी पूरी तरह बदलने के लिए आईपीसी की जगह तीन नए कानून बनाए गए हैं। जो आने वाले 1 जुलाई 2024 से देशभर में लागू हो जाएंगे। इन नए आपराधिक कानून को समझने के लिए नर्मदापुरम जिले के 1100 पुलिस विवेचकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम में जो कानून बदले गए गए है, वह 1 जुलाई 2024 से लागू होंगे। इन तीनों कानून को समझने के लिए नर्मदापुरम जिले के पुलिस कंट्रोल रूम में 1100 पुलिसकर्मियों को 3 दिन की ट्रेनिंग में तीन अलग-अलग फेज में 15 जून तक दी जाएगी। एसपी डॉ. गुरुकरण सिंह ने बताया कि तीन कानून को चेंज किया गया है। अब उनका मकसद है कि न्याय दिलाना है।एसपी ने कहा कि तीनों कानूनों में भारतीय न्याय सहिता, भारतीय नागरिक सहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम तीनों में जो चेंज किए गए हैं। वह जुलाई से लागू होंगे, उसके संबंध में जिले के सभी जो विवेचक हैं उनको ट्रेनिंग दी जा रही है। सभी आरक्षक को ट्रेनिंग दी जा रही है, ताकि वह उनके प्रावधानों से भलीभांति परिचित हो जाए और जब यह कानून लागू हो तो उनको इसमें कार्य करने में कोई दिक्कत न हो।

# ड्राइविंग स्कूलों से प्रशिक्षण लेने वालों को ड्राइविंग टेस्ट से छूट नहीं

### केंद्र सरकार ने दी सफाई

**नई दिल्ली,02 जून 2024 (ए)।** केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि एक जून से मान्यता प्राप्त ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्रों (एडीटीसी) और ड्राइविंग स्कूलों के मौजूदा नियमों में कोई बदलाव नहीं होगा। इसके पहले मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया था कि आवेदकों को अब क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में ड्राइविंग टेस्ट से गुजरने की आवश्यकता नहीं होगी। वे मान्यता प्राप्त निजी ड्राइविंग स्कूलों में ड्राइविंग टेस्ट करा सकते हैं।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने अपने स्पष्टीकरण में कहा है कि मौजूदा नियमों में एक जून से कोई बदलाव नहीं होगा। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया था कि निजी ड्राइविंग




स्कूलों में परीक्षा पास करने के बाद आवेदकों को एक प्रमाण पत्र मिलेगा। इसका उपयोग आरटीओ में जांच के बिना ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन करने के लिए किया जा सकता है। मंत्रालय ने कहा कि मोटर वाहन (एमवी) अधिनियम, 1988 के तहत मोटर वाहन चलाने में प्रशिक्षण देने के लिए स्कूलों के लाइसेंस और नियम का प्रावधान है। ये स्कूल सफल प्रशिक्षण पर प्रमाणपत्र जारी करते हैं। लेकिन यह प्रमाणपत्र धारक को ड्राइविंग टेस्ट की आवश्यकता से छूट नहीं देता है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने का अधिकार लाइसेंसिंग प्राधिकरण के पास ही होगा।

# सीएम अरविंद केजरीवाल ने तिहाड़ जेल में किया सरेंडर



**नई दिल्ली,02 जून 2024 (ए)।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल तिहाड़ में सरेंडर कर दिया है। जेल के बाहर भारी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। बता दें कि आज दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत अवधि समाप्त हो रही थी। सुप्रीम कोर्ट ने 10 मई को लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए 21 दिन की अंतरिम जमानत दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने अंतिम चरण के मतदान खत्म होने के एक दिन बाद यानी 2 जून को फिर से सरेंडर करने का निर्देश दिया था।

# एयर इंडिया ने सबको दिए 350 डॉलर के वाउचर



**नई दिल्ली,02 जून 2024(ए)।** दिल्ली-सैन फ्रांसिस्को की फ्लाइट में 30 घंटे की देरी के कारण यात्रियों की खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। जिसके बाद एअर इंडिया ने शनिवार को उनसे माफी मांगी है। इतना ही नहीं एयर इंडिया ने सभी यात्रियों को 350 डॉलर का वाउचर भी दिया है।

ये वाउचर सभी ट्रैवल क्लास में एक समान रूप से दिया गया, जिन्होंने इस फ्लाइट को पकड़ने के लिए इतना लंबा इंतजार किया। सूत्रों का कहना है कि बॉम्बे हाउस में टाटा के शीर्ष नेतृत्व ने उस एयरलाइन के प्रबंधन से भी बात की, जिसका अधिग्रहण उन्होंने करीब 2.5 साल पहले किया था। इसके बदलाव का यात्रियों को अभी भी इंतजार है।

टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन एयरलाइन पर कड़ी नजर रख रहे हैं। शनिवार को दिल्ली-वैंकूवर नॉनस्टॉप फ्लाइट 20 घंटे से ज्यादा की देरी से चली,वहीं पिछले 10 दिनों में कैलिफोर्निया की दो नॉनस्टॉप उड़ानें 18 से 30 घंटे की देरी से चल रहीं। एअर इंडिया प्रबंधन ने वैंकूवर की फ्लाइट में देरी को रिएक्ट किया।

# एग्जिट पोल 2024 पर राहुल गांधी का आया पहला रिएक्शन

» सिद्धू मूसेवाला के गाने का जिक्र करते हुए कही ये बात



**नई दिल्ली,02 जून 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद एग्जिट पोल में भाजपा की बंपर जीत का अनुमान जताया गया है। विभिन्न टीवी चैनलों के एग्जिट पोल में भाजपा एकतरफा जीत पा रही है। इस बीच एग्जिट पोल पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का भी रिएक्शन आया है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह एग्जिट पोल नहीं है, यह मोदी मीडिया का पोल है। यह उनका फैंटेसी पोल है। राहुल ने कहा कि ज्यादातर सीटों पर काफी टक्कर का मुकाबला है और जब नतीजे आएंगे तो सब साफ हो जाएगा। उन्होंने एग्जिट पोल को सिरे से नकार दिया।

जब राहुल गांधी से पूछा गया कि इंडी गठबंधन की सीटों की संख्या कितनी होगी, उन्होंने कहा, क्या आपने सिद्धू मूसेवाला का गाना 295 सुना है? सुना है तो समझ जाइए।एग्जिट पोल को ‘फर्जी’ करार देते हुए कांग्रेस ने कहा कि ये चुनाव में धांधली को सही ठहराने का ‘जानबूझकर किया गया प्रयास’ है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इंडी गठबंधन के कार्यकर्ताओं का मनोबल गिराने के लिए खेले जा रहे ‘मनोवैज्ञानिक खेल’ का हिस्सा है।कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भी ‘नई सरकार’ के 100-दिवसीय एजेंडे की समीक्षा के लिए एक लंबे मंथन सत्र सहित कई बैठकें आयोजित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा और कहा कि ये नौकरशाही और प्रशासनिक ढांचे को यह संकेत देने के लिए ‘दबाव की रणनीति’ है कि वह वापस आ रहे हैं।

रमेश ने कांग्रेस मुख्यालय में एक बैठक के बाद कहा कि ये सब दिमागी खेल हैं। जयराम ने कहा कि हमें उम्मीद है कि जिन सिविल सेवकों को निष्पक्ष मतगणना सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे इन दबाव की रणनीति से भयभीत नहीं होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि शनिवार शाम को आए एग्जिट पोल पूरी तरह से फर्जी हैं और उनका संचालन उस व्यक्ति द्वारा किया गया है जिसका 4 जून को जाना निश्चित है।

## संपादकीय

# सचमुच गालीप्रूफ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया के शायद एकमात्र ऐसे नेता हैं जिनके किसी भी कृत्य पर, किसी भी वक्तव्य पर, किसी भी विचार और अभिव्यक्ति की किसी भी भंगिमा पर सामान्य प्रतिक्रिया नहीं होती।प्रतिक्रियाओं की हिलोर उठती है जो एक तरफ इनके अनुयायियों, प्रशंसकों और भक्तों को उत्साहित, प्रफुल्लित और उमंगित कर देती है तो दूसरी ओर उनके निंदकों को चिढ़ा देती है, उनमें विरोध पैदा करती है और कभी-कभी दुर्दभनीय गुस्सा भी पैदा करती है।शायद इस समय मोदी दुनिया के एकमात्र नेता होंगे जिनकी इतनी कटु आलोचना की गई हो। मोदी बड़े ठहरे हुए अंदाज में स्वयं को दी गई गालियों की संख्या और प्रकृति का जिक्र करते हैं और यह भी कहते हैं कि वह गालीप्रूफ हो चुके हैं। उनकी मुद्रा से लगता भी यही है कि वे सचमुच गालीप्रूफ हो चुके हैं।अब चुनाव के दौर में एक-एक दिन में कई-कई रैलियों को अनथक संबोधित करने के बाद और विरोध तथा समर्थन की अनेकानेक प्रतिक्रिया उत्पन्न करने के बाद प्रचार की समाप्ति पर उन्होंने 48 घंटे मौन व्रत साधना कन्याकुमारी के विवेकानंद स्मारक पर करने का निर्णय लिया तो उनका यह भला सा लगने वाला कदम भी विपक्षियों को कुरेदे बिना नहीं रह सका।बहुत से लोग जो प्रधानमंत्री को एक ही तर्ज पर, एक ही भाषा में, लगभग एक जैसी विषयवस्तु के ईर्द-गिर्द मोटे-तगड़े, कटु-कर्कश वाक प्रहार करते ऊब गए थे, उन्होंने सचमुच राहत की सांस ली कि कम-से-कम 48 घंटे उन्हें शांति के प्राप्त होंगे।कायदे से विपक्ष को भी उस चुप्पी पर चैन की सांस लेनी चाहिए थी कि भले ही चुनाव के अंत में ही सही कुछ घंटे तो शांति मिल ही रही है, लेकिन झड़े में कूड़ा' फेंक दिया। कहा कि मोदी मौन रहकर कैमरे के जरिये अपना प्रचार कर रहे हैं, वो तप नहीं तमाशा कर रहे हैं और कुछ ने तो ये कह दिया कि हार के डर से भगवान की शरण में गए हैं।बहरहाल, विपक्ष का जो काम है वह कर रहा है लेकिन देश के लोग कामना कर सकते हैं कि जिस शिला पर कभी विवेकानंद ने तपस्या की थी उसी तरह से मोदी भी ध्यान-साधना समाप्ति के पश्चात ऐसे भारत की संकल्पना लेकर लौटेंगे जो सर्वसमावेशी हो, जिसकी शैली भद्रतापूर्ण लोकतांत्रिक हो, जिसकी व्यावहारिकता निंदा, आलोचना, आरोप-प्रत्यारोप की न होकर परस्पर समझदारी, सहयोग और सहकार की हो। मोदी ऐसी साधना कर रहे हों तो सफल हों।

## विश्व साइकिल दिवस पर विशेष

# पर्यावरण का सच्चा हितैषी वाहन है साइकिल

भारत की आर्थिक तरक्की में साइकिल ने बहुत अहम भूमिका निभाई है। आजादी के बाद से ही साइकिल देश में यातायात



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू, राजस्थान

व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा रही है। खासतौर पर 1960 से लेकर 1990 तक भारत में ज्यादातर परिवारों के पास साइकिल थी। यह व्यक्तिगत यातायात का सबसे ताकतवर और किफायती साधन था। गांवों में किसान साप्ताहिक मंडियों तक सब्जी और दूसरी फसलों को साइकिल से ही ले जाते थे। दूध की सप्लाई गांवों से पास से कस्बाई बाजारों तक साइकिल के जरिये ही होती थी। डाक विभाग का तो पूरा तंत्र ही साइकिल के बूते चलता था। आज भी पोस्टमैन साइकिल से चिट्ठियां बांटते हैं। चीन के बाद आज भी भारत दुनिया में सबसे ज्यादा साइकिल बनाने वाला देश है।

दो सौ साल पहले 12 जून 1817 को जर्मनी के मैनहेम में बैरन कार्ल वॉन ड्रैस ने दुनिया की पहली साइकिल पेश की थी। यह लकड़ी से बना था और इसमें पैडल, गियर या जंजीर नहीं थी। उसने खुद को पहले एक पैर से और फिर दूसरे पैर से धकेला। उन्होंने इसे लॉफमाशाइन (जर्मन में चलने वाली मशीन) कहा। अब तो जापान के फुकुकोआ शहर में छात्रों ने एक ऐसी साइकिल बनाई है जो हवा से चलती है। इसकी अधिकतम रफ्तार 64 किलोमीटर प्रति घंटा है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने इसे कंप्रेस्ड हवा से चलने वाली दुनिया में सबसे तेज साइकिल का सर्टिफिकेट दिया है।

3 जून 2018 को विश्व में पहला विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। तब से दुनिया में प्रतिवर्ष साइकिल दिवस मनाया जाने लगा है। इस बार हम छठवां विश्व साइकिल दिवस मना रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने परिवहन के सामान्य,सस्ते, विश्वसनीय,स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल साधन के रूप में इसे बढ़ावा देने के लिए विश्व साइकिल दिवस को मनाने की घोषणा की थी।

भारत में भी विकसित की जा रही ज्यादातर आधारभूत आधुनिक संरचनाएं मोटर-वाहनों को ही सुविधा प्रदान करने के लिए बन रही हैं। साइकिल जैसे पर्यावरण-हितैषी वाहन को नजरअंदाज किया जा रहा है। जबकि शहरी व ग्रामीण परिवहन में भी साइकिल का महत्वपूर्ण स्थान है। खासतौर से कम आय-वर्ग के लोगों के लिए साइकिल उनके जीविकोपार्जन का एक सस्ता, सुलभ और जरूरी साधन है। यह इसलिए भी कि भारत का कम आय-वर्ग के लोग अपनी कमाई से प्रतिदिन सौ-पचास रुपये परिवहन पर खर्च करने में सक्षम नहीं हैं।भारत सरकार अपनी साइकिल परिवहन व्यवस्था में कुछ जरूरी मूलभूत सुधार करके आम और खास लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रेरित कर सकती है। सरकार के इस कदम से ऐसे सभी लोग प्रेरणा पा सकते हैं। जिनकी प्रतिदिन औसत यातायात दूरी पांच-सात किलोमीटर के आसपास बैठती हैं। हमारे देश की कई राज्य सरकारें अपने स्कूली छात्र-छात्राओं को बड़ी संख्या में साइकिल वितरण कर रही हैं। जिससे साइकिल सवारों की संख्या में वृद्धि हुई है। 'द एनर्जी ऐंड रिसर्च इंस्टीट्यूट' के अनुसार पिछले एक दशक में साइकिल चालकों की संख्या ग्रामीण क्षेत्रों में 43 फीसदी से बढकर 46 फीसदी हुई है। जबकि शहरी क्षेत्रों में



यह संख्या 46 फीसदी से घटकर 42 फीसदी पर आ गई है। इसकी मुख्य वजह साइकिल सवारी का असुरक्षित होना ही पाया गया है। बच्चे सबसे पहले साइकिल चलाना ही सीखते है। इसलिये बचपन में हम सभी ने साइकिल चलाई है। पहले के जमाने में जिसके पास साइकिल होती थी वह बहुत प्रतिष्ठित व्यक्ति माना जाता था। गांव के लोग जब कभी शहरों में जाते थे। तब लोगों को साइकिल चलाते हुए देखते थे और फिर वे खुद भी धीरे-धीरे साइकिल चलाना सीख जाते थे। पहले शहरों में किराए पर भी साइकिले मिलती थी।देश की युवा पीढ़ी को अब साइकिल के बजाय मोटरसाइकिल ज्यादा अच्छी लगने लगी है। शहरों में मोटरसाइकिल का शौक बढ़ रहा था। गांवों में भी इस मामले में बदलाव की शुरुआत हो चुकी थी। इसके बावजूद भारत में साइकिल की अहमियत खत्म नहीं हुई है। 1990 के बाद से साइकिलों की बिक्री में बढ़ोतरी आई है। लेकिन ग्रामीण इलाकों में इसकी बिक्री में गिरावट आई है। दरअसल 1990 से पहले जो भूमिका साइकिल की थी। उसकी जगह गांवों में मोटर साइकिल ने ले ली है। इसके उपरांत भी साइकिल आज भी हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं।देश में लॉकडाउन के दौरान दूसरे प्रदेशों में कमाने गए लाखों लोग साइकिल पर 1000-1500 किलोमीटर की दूरी तय कर अपने घर पहुंचे थे। संकट के समय साइकिल ही उनके घर पहुंचने का एकमात्र साधन बनी थी। लॉकडाउन के दौरान लाखों लोगों के घर पहुंचने का सबसे उपयोगी साधन बनने से लोगों को यह बात अच्छी तरह समझ में आ गयी की साइकिल आज भी आम लोगों का सबसे सस्ता व सुलभ साधन है। अब तो विभिन्न प्रकार के फीचर से लैस गियर वाली कीमती साइकिले बाजार में आ गई है। पहले लोगों के पास सामान्य साइकिले ही हुआ करती थी। जिनके पीछे एक कैरियर लगा रहता था। जिस पर व्यक्ति अपना सामान रख लेता था व जरूरत पड़ने पर दूसरे व्यक्ति को बैठा लेता था। कई बार तो साइकिल सवार आगे लगे डंडे पर भी अपने साथी को बिठाकर 3-3 लोग साइकिल पर सवारी करते थे। साइकिल से वातावरण में किसी तरह का प्रदूषण नहीं होता था। पेट्रोल डलवाने का झंझट भी नहीं था। साइकिल उठाई पैडल मारे और पहुंच गए अगले स्थान पर। पहले के जमाने में साइकिल के आगे एक छोटी सी लाइट भी लगी रहती थी। जिसका डायनुमा पीछे के टायर से जुड़ा रहता था। साइकिल सवार जितनी तेजी से साइकिल चलाता उतनी ही अधिक लाइट की रोशनी होती थी।

तीन साल पहले विश्व साइकिल दिवस के दिन ही भारत की सबसे बड़ी साइकिल निर्माता कम्पनी एटलस बंद हो गयी थी। प्रतिवर्ष 40 लाख साइकिल का उत्पादन करने वाली भारत की सबसे बड़ी व दुनिया की जानी मानी कम्पनी एटलस के बंद होने से साइकिल उद्योग को बड़ा धक्का लगा है। एटलस की फैक्ट्री बंद होने से वहां काम करने वाले करीबन एक हजार लोग बेरोजगार हो गये। एटलस साइकिल कम्पनी की स्थापना 1951 में हुई थी। इसका कई विदेशी साइकिल निर्माता कंपनियों के साथ गठबंधन था। जिस कारण एटलस कम्पनी की साइकिल दुनिया भर की श्रेष्ठ साइकिलों में शुमार होती थी। अमेरिका के बड़े-बड़े डिपार्टमेंट स्टोर में भी एटलस की साइकिले बेची जाती थी।

अब समय आ गया है कि शहर एवं गांवो में साइकिल चालन को एक बड़े स्तर पर प्रोत्साहन देने का। ताकि बढ़ते प्रदूषण को कुछ हद तक रोका जा सके। शहरों में समर्पित साइकिल मार्गों का निर्माण किया जाना चाहिये। हमें विश्व साइकिल दिवस को महज एक सांकेतिक कवायद के रूप में नहीं देखना चाहिये। आज के दिन हमें मन ही मन इस बात का संकल्प लेना चाहिये कि हम हमारे रोजमर्रा के काम साईकिल से पूरा करेगें। तभी सही मायने में साइकिल दिवस मनाना सफल हो पायेगा।

बढ़ते प्रदूषण की वजह से दुनिया के बहुत से देशों में साइकिल चलाने को बढ़ावा दिया जा रहा है। नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम में सिर्फ साइकिल चलाने की ही अनुमति है। भारत में भी दिल्ली, मुंबई, पुणे, अहमदाबाद और चंडीगढ़ में सुरक्षित साइकिल लेन का निर्माण किया गया है। उत्तर प्रदेश में भी 200 किलोमीटर लम्बा एशिया का सबसे लंबा साइकिल हाई वे बना है। अभी देश में साइकिल चालकों के अनुपात में साइकिल रोड़ विकसित किए जाने की प्रबल आवश्यकता है। पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से देखा जाए तो दुनिया के देशों में साइकिल की वापसी पर्यावरण की दृष्टि से एक शुभ संकेत माना जा सकता है।

# ईवीएम किसकी सरकार बनाएगी

वर्ष 2024 के लोक सभा चुनाव अपने अंतिम चरण तक पहुंच गए हैं। आने वाले दिनों में सभी को चुनावी एग्जिट पोल और 4 जून का बेसब्री से इंतजार रहेगा। सभी यह देखना चाहेंगे कि विवादों में घिरी ईवीएम' किसकी सरकार बनाएगी? हर राजनैतिक दल बड़े-बड़े दावे कर रहा है कि उसका दल या उसके समर्थन वाला समूह सरकार बनाने जा रहा है। ऐसे में यह भी देखना जरूरी है कि केंद्रीय चुनाव आयोग जिसकी कार्यशैली पर कई सवाल उठे, वह इस चुनाव को कितनी पारदर्शिता से संपूर्ण करेगा? देश का आम चुनाव हमेशा से ही एक पर्व की तरह मनाया जाता है। इसमें हर राजनैतिक दल अपने अपने वोटरों के पास अगले पांच साल के लिए उनके मत की अपेक्षा में उन्हें बड़े-बड़े वादे देकर लुभाने की कोशिश करते हैं, परंतु देश की जनता भी यह जान चुकी है कि दल चाहे कोई भी हो, राजनैतिक वादे सभी दल ऐसे करते हैं कि मानो जनता उनके लिए पूजनीय है और ये नेता उनके लिए कुछ भी करने को तैयार हैं, परंतु क्या वास्तव में ऐसा होता है कि चुनावी वादे पूरे किए जाते हैं?चुनाव का आयोजन करने वाली सर्वोच्च सांविधानिक संस्था केंद्रीय चुनाव आयोग इन चुनावों को कितनी पारदर्शिता से कराती है इसकी बात बीते कई महीनों से सभी कर रहे हैं। चुनाव आयोग की प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि हर दल को पूरा मौका दिया जाए और निर्णय देश की जनता के हाथों में छोड़ दिया जाए। बीते कुछ महीनों में चुनाव आयोग पर पहले ईवीएम को लेकर और फिर वीवीपैट को लेकर काफी विवाद रहा। हर विपक्षी दल ने एक सुर में यह आवाज लगाई कि देश से ईवीएम को हटा कर बैलट पेपर पर ही चुनाव कराया जाए, परंतु देश की शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग को निर्देश देते हुए अधिक सावधानी बरतने को कहा और ईवीएम को जारी रखा।इन विवादों के बाद चुनाव् की मतगणना को लेकर फॉर्म 17सी पर एक नई बहस उठी जो देश की शीर्ष अदालत जा पहुंची।दरअसल, फॉर्म 17सी वह फॉर्म होता है जिसमें चुनाव संचालन नियम, 1961 के तहत देशभर के प्रत्येक मतदान केंद्र पर डाले गए वोटों का रिकार्ड होता है। फॉर्म 17 सी में मतदान केंद्र के कोड नंबर और नाम, मतदाताओं की संख्या। उन मतदाताओं की संख्या जिन्होंने मतदान न करने का निर्णय लिया। उन मतदाताओं की संख्या जिन्हें मतदान करने की अनुमति नहीं मिली। दर्ज किए गए वोटों की संख्या। खारिज किए गए वोटों की संख्या। वोटों के खारिज करने के कारण। स्वीकार किए गए वोटों की संख्या। डाक मतपत्रों का डाटा भी शामिल होता है।

**-रजनीश कपूर-**

# खेलकूद के खेल में बिगड़ सकता है कांग्रेस का खेल

पढ़ने के साथ -साथ खेलकूद भी महत्वपूर्ण है खेलकूद मनुष्य के जीवन का एक अभिन्न अंग है। जीवन के अन्य



संजय गोस्वामी
मुंबई, महाराष्ट्र

कार्य कलापों के साथ-साथ खेल-कूद के लिए भी समय निकालना बहुत आवश्यक है। आपने वह कहावत तो सुना ही होगा ' स्वस्थ मन स्वस्थ शरीर में ही होता है' यानी अगर आप शारीरिक परिश्रम और खेल कूद में भाग लेंगे तो आप स्वस्थ रहेंगे और साथ ही आप अपने रोज के सभी कार्य सक्रिय रूप से कर पाएंगे। हम मनुष्य को मानसिक और शारीरिक दोनों प्रकार से स्वस्थ रहना बहुत ही आवश्यक होता है जिसमें खेल कूद बहुत अहम भूमिका निभाते है।खेल-कूद से हमारे मन का तनाव दूर होता है और इससे मन और शरीर को शांति मिलती है। कभी-कभी यही खेल कूद जीवन के मुश्किल समय में शरीर को शक्ति देता है। खेल-कूद शरीर में रक्त संचरण को सही रखता है।नियमित रूप से खेलकूद में भाग लेने वाले लोग समय के महत्व को सही रूप में समझ पाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि खेलकूद प्रतियोगिताओं में हर एक मिनट और सेकेंड का बहुत मूल्य होता है जिसके कारण जीवन में भी समय के मूल्य को वह समझ पाते हैं।खेलकूद बच्चों के साथ-साथ बड़ो के लिए भी जरूरी है। यह अपने हर दिन के ऑफिस के कामों के बाद परिवार के साथ समय बिताने के लिए अच्छा है। बढ़ते बच्चों के लिए खेल में भाग लेना बहुत अच्छा होता है क्योंकि इससे उनका विकास और बेहतर तरीके से होता है।सामान्य अर्थ में खेल कूद एक प्रतिस्पर्धात्मक और प्रशिक्षित शारीरिक गतिविधि का नाम है जो हमें तनावों, चिंताओं एवं अनेक परेशनियों से मुक्त कर जिंदगी भर स्वास्थ्य बनाएं रखता है। दूसरे शब्दों में कहे तो खेल से आप आजीवन फिट रह सकते है क्योंकि खेल ही है जो हरेक प्रकार के शारीरिक, सामाजिक, मानसिक, बौद्धिक, और मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य गुणों के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान करता है। खेल कूद मानव जीवन के लिए एक वरदान है जो उसे स्वस्थ्य रखने के लिए उपहार स्वरूप मिली है। खेल में भाग लेने से सबसे पहला लाभ स्वास्थ्य ही है क्योंकि खेल का मैदान वह स्थान है जो स्वास्थ्य पर एक स्थायी छाप छोड़ता है। यह शरीर का एक ऐसा ढ़ाचा तैयार करता है जो चुस्त फुर्तीला और बलिष्ठ होता है। खेल शरीर को स्वस्थ और स्फूर्तिमय बनाये रखता है। खेलकूद के दौरान शरीर के लगभग सभी अंगों का व्यायाम हो जाता है, शारीरिक व्यायाम को विभिन्न कारणों से किया जाता है जिसमें मांसपेशियों और हृदयतंत्री प्रणाली को सुदृढ़ बनाना, एथलीटिक कौशल को बढ़ाना, वजन घटाना या उसे बनाए रखना तथा मनोरंजन आदि शामिल हैं। अच्छे स्वास्थ्य के लिए नियमित रूप से शारीरिक व्यायाम आवश्यक है। यदि किशोर शारीरिक रूप से सक्रिय नहीं हैं तो उनके बीमार होने का जोखिम बहुत है। बार-बार और नियमित रूप से किया गया व्यायाम प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाता है और हृदय रोग, हृदयतंत्री रोग टाइप टू का मधुमेह तथा मोटापे जैसी जीवन शैली से संबंधित बीमारियों की रोकथाम में सहायता करता है।

शरीर की मांसपेशिया सुदृढ़ बनती है और काया निरोगी रहती है। एक प्राचीन कहावत है पहला सुख निरोगी काया सत्य ही है कि निरोग शरीर जीवन का सर्वश्रेष्ठ सुख है। जब शरीर स्वस्थ्य होगा तो मनुष्य अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन और जीवन के सुखों का आनन्द उठा सकता है लेकिन आजीवन स्वास्थ्य सुखों का लाभ पाने के लिए शारीरिक क्षमताओं का विकास होना जरुरी होता है जो खेल के मैदान में सरलता से विकसित हो जाता है। खेल का जीवन में समर्पण की भावना विकसित करने में मूल्यवान भूमिका होती है खेल के मैदान में खिलाड़ी निष्पक्षता, न्याय और हार व जीत दोनों को समान रूप से ग्रहण करता है। अपने प्रतिद्वंदी के प्रति सहज भाव रखता है। वह जानता है कि खेल में कभी जीत होती है, तो कभी हार होती है वह अपने प्रतिद्वंदी के बढ़िया खेल की खुलकर सराहना करता है। उसकी जीत पर मुक्त कंठ से बधाई देता है और द्वेष की भावना को पास तक नहीं फटकने देता। उसके जीवन में ये सब गुण खेलों से ही तो आते है। कहा जाता है कि जीवन में सफलता हासिल करनी हो तो अनुशासन रूपी कुंजी साथ में जरुर होनी चाहिए और जो खेल के मैदान में तेजी से फलता-फूलता है। अनुशासन जीवन के हर क्षेत्र में प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता है। राष्ट्रीय और सामाजिक जीवन में अनुशासन के महत्व का पाठ खेलों के मैदान में सरलता से सीखा जा सकता है। खेलों के द्वारा जीवन में पारस्परिक सम्मान के सद्गुण का विकास होता है। खेलों के खिलाडियों से ये अपेक्षा की जाती है कि वे एक दूसरे खिलाड़ियों का सम्मान करे सम्मान पाने का उपाय भी यही है कि दूसरों का सम्मान करो। खेलों में जब खिलाड़ी अपने साथी खिलाड़ी को सम्मान नहीं देते है तो उन्हें आदर्श खिलाड़ी नहीं कहा जाता। इसलिए प्रत्येक श्रेष्ठ खिलाड़ी अपने साथी खिलाड़ियों का सम्मान करता है जिससे उनमें पारस्परिक सम्मान के गुणों का विकास होता है खेलों से 'टीम स्प्रिट' का विकास होता है।'टीम स्प्रिट'का मतलब हर उस खिलाड़ी से है जो अपने पृथक दृ पृथक व्यक्तित्व को टीम के व्यक्तित्व में विलीन कर दे।इसमें टीम का हर खिलाड़ी सम्पूर्ण टीम के लिए खेलता है। केवल अपने लिए नहीं यह 'टीम स्प्रिट' की भावना जो वह खेलों के द्वारा अपने अंदर विकसित करता है तो यही उसके व्यावहारिक जीवन की समस्याओं का समाधान करने में अत्यधिक लाभदायक सिद्ध होता है। खेलकूद में शारीरिक व्यायाम भी महत्वपूर्ण है। शारीरिक व्यायाम एक ऐसी गतिविधि है जो शारीरिक निरोगता अथवा समग्र स्वास्थ्य को बढ़ाती है या बनाए रखती है। खेल देश की प्रगति के लिए भी बहुत जरूरी है जो ओलोंपिक में किसी खेल में ज्यादा मेडल लाता है। उसे दुनिया उतना ही अधिक शक्तिशाली मानती है। महान क्रिकेटर श्री सचिन तेंदुलकर ने क्रिकेट में देश को वह गौरव प्रदान किया कि देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न प्रदान किया गया। आजकल क्रिकेट में भारत में आईपीएल लीग मैच चल रहा है और जब सारे चैनलों पर युद्ध की दर्दनाक कहानी सुनकर रातों की नींद हराम हो जाती है । क्योंकि यह साफ हो गया कि दो राष्ट्र रसिया और युक्रेन के बीच हर जगह तबाही का मंजर दिख रहा है और बुचा नरसंहार ने तो मानवता का तांडव नृत्य ही कर दिया। अब इसमें सच्चाई कितना है ऐ तो जांच से ही मालूम होगा । इसलिए भारत इसकी नरसंहार की स्वतंत्र जांच की मांग की है जो यह दिखाता है कि भारत किसी के बहकावे में नहीं आने वाला। वह किसी भी देश को अपनी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शो पर चलने वाला देश है। मानवता की रक्षा करना ही उसका उद्देश्य है। अतः इसपर वो किसी को समर्थन नहीं कर रहा है। पूर्व प्रधान मंत्री स्व अटलजी ने देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बहुत बड़ा कदम 1998 में बिना किसी के डर के एक के बाद एक पांच परमाणु परीक्षण कर दिया और सारे देश दंग रह गए। और इस अवसर पर 11मई को हर साल नेशनल टेक्नोलॉजी डे का ऐलान भी किया और जय-जवान,जय-किसान,के साथ जय विज्ञान का नारा भी दे दिया। कुछ समय और सरकार चलती तो आज देश जरूर पुरी तरह देश के वैज्ञानिकों के बल पर आत्मनिर्भर हो जाता है। उसके बाद 2004 के चुनाव में जब युपीए का शासन आया जब की बहुमत भी नहीं मिला। लेकिन कम्युनिस्ट पार्टी के सपोर्ट से किसी तरह सरकार चलती रही व 26/11/2008 की आंतकवादी हमले ने देश की गरिमा को ठेस पहुंचाई। चंद पाकिस्तान के सपोर्ट से आंतकवादी हमले ने कई निर्दोष नागरिकों की बड़ी बेहरमी से हत्या कर दी। और आश्चर्य तो तब हुआ जब पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री व भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री डाक्टर मनमोहन सिंह ने 2011 के भारत के साथ पाकिस्तान के खिलाफ मोहाली में सेमिफाइनल मैच का आनंद लेकर बिरयानी खा रहे थे। ये देश के लिए बहुत ही शर्मिंदा जैसी घटनाएं हैं। मैच भारत ने अवश्य जीता लेकिन मानवता हार गई क्योंकि आपने एक ऐसे देश के प्रधानमंत्री को मेहमान.वाजी की जिसके आंतकवादी संगठन ने देश को गुमराह किया। उस समय पूर्व विदेश मंत्री स्व प्रणव मुखर्जी ने पाकिस्तान को इस हमले की कई डोसियस सौंपे थे। आज माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने पुलवामा में सीआरपीएफ के गाड़ी के हमले के बाद उसके घर में ही मारा। दो सर्जिकल स्ट्राइक ने उसकी नींव को हिला दिया। जब कंगाली पाकिस्तान से दब जाएंगे तो देश का क्या हाल होगा। कारगिल युद्ध में भी अटल बिहारी वाजपेई की सरकार ने उसे उतनी ऊंचाई से भी बहुत पीछे खदेड़ दिया व भारत के एक-एक इंच जमीन के लिए कौरवों को हराकर देश को आत्मनिर्भर बनाने की पुरी कोशिश है। और आज मोदी सरकार के फैसलों से तो रुस और अमेरिका दोनों हैरान हो गए। लेकिन शायद कोई भी देश कितना मजबूत ही क्यों न हो भारत के उपर आंख उठाकर भी नहीं देख सकता क्योंकि सबको मालूम है कि अभी मोदी सरकार है। जो देश की रक्षा के लिए कोई भी खतरनाक कदम उठा सकती है। खेल चाहे किसी स्टेडियम में आईपीएल का मैच हो या जंग के मैदान में खुशी खेल खेला जाए। अपने मिट्टी के लिए सब मिलकर अपने देश के लिए मर मिटने के लिए तैयार हों। यह देश की शान का प्रश्न है। युक्रेन आज देश के सबसे बड़े हथियार और सैन्यकर्मियों से लैस रुस के खिलाफ जंग लड़ रहा है लेकिन इतने दिनों से इसलिए टिका है क्योंकि उनके लोगों में देशभक्ति का जज्बा है जिससे अमेरिका भी डर कर कोई औपचारिक रूप से लड़ाई न लड़ पा रहा है क्योंकि उसे रुस की ताकत का एहसास है। वो सिर्फ यूक्रेन को बली का बकरा बनाकर रसियन के हथियारों के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहा है और विश्व विजेता बनने के चक्कर में यूक्रेन के निर्दोष नागरिक को मरवा रहा है।खैर खेल जो भी हो वह देशप्रेम की भावना से खेलना चाहिए। क्योंकि आपका एक दिन मरना तय है। लेकिन जो देश की रक्षा के लिए शहीद हो जातें हैं उसे लोग देश का गौरव मानते हैं। उसे लोग सदियों तक याद करते हैं। जिस अमेरिका ने जापान पर द्वितीय युद्ध के दौरान हिरोशिमा और नागासाकी में परमाणु बम गिराए और लाखों लोगों की मौत हो गई। वह रुस के खिलाफ कैसे मानवाधिकार हनन का प्रस्ताव ला सकता है। अतः वो यूक्रेन को मोहरा बनाकर रुस के हथियारों के काट निकालने में जुटा है। इस पर कभी आम नागरिकों को निशाना नहीं बनाना चाहिए ऐ मानवता के खिलाफ है और ऐसा खेल किसी भी देश की गरिमा को धूमिल करेगा।

## लघु कथा

# लालच



टीकेश्वर सिन्हा
गब्दीवाला
घोटिया-बालोद
छत्तीसगढ़

राजेन्द्र और रोहिणी के बीच तलाक हुए दस बरस बीत गये। गौरव की परवरिश राजेन्द्र ने किया। गीतिका रोहिणी के पास पली-बढ़ी। राजेन्द्र ने गौरव के वास्ते दूसरी शादी नहीं की। रोहिणी ने अपना दूसरा घर बसा लिया। उसे जयेश से एक और बेटी सुनंदा मिली।

इसी बीच उनके एक ही शहर में होने के कारण गौरव अपनी माँ रोहिणी से अक्सर मिलने चला जाया करता था। पर गौरव के बड़े होने पर जयेश को पता नहीं क्या सूझा कि अपने परिवार से उसके मिलने-जुलने पर सख्ती बरतने लगा। फिर भी जयेश की अनुपस्थिति में गौरव रोहिणी से मिल लिया करता था। एक दिन रोहिणी ने ही बड़े कड़े स्वर में गौरव से कहा- गौरव ! आज के बाद तुम इस तरह मुझसे मिलने मत आना। अपनी जिंदगी अपने तरीके से जीयो। तुम अकेले भी तो नहीं हो। तुम्हारे साथ तुम्हारे पापा हैं। रोहिणी का सख्त स्वर सुन कर गौरव को बड़ा दुख हुआ-मम्मी ! मैं बड़ा लालची हो गया हूँ। एक ही लालच मुझे आप तक खींच लाता है।

लालच ! लालच...किस चीज का ? रोहिणी के मन में घबराहट और अचरज दोनों ने एक साथ दस्तक दिया। आपके प्यार का। कहते हुए गौरव पीछे मुड़ा। वह लम्बे कदमों से आगे बढ़ रहा था। रोहिणी उसे नहीं रोक सकी।

# वह पागलपन है चित्रकार का जुनून



ओतेरी सेल्वा कुमार
-चेन्नई
तमिलनाडु-

प्रसिद्ध कलाकार,जैक,अपनी लुभावनी उत्कृष्ट कृतियों के लिए जाने जाते थे। लेकिन उनका नवीनतम जुनून किसी अन्य से भिन्न था। वह नीले रंग की उत्तम छटा को पकड़ने के प्रति समर्पित हो गया।दिन हफ्तों में और हफ्ते महीनों में बदल गए, क्योंकि जैक ने अपनी भलाई को नजरअंदाज करते हुए रंगों को मिलाया और मिलान किया। उनका स्टूडियो अस्त-व्यस्त हो गया और उनके चाहने वाले चिंतित हो गए।

एक दुर्भाग्यपूर्ण रात, जैक का पागलपन अपने चरम पर पहुंच गया। उसने अपने कैनवास को देखा, और नीला रंग एक अलौकिक ऊर्जा के साथ स्पंदित हो रहा था। उसने अपना ब्रश डुबोया और जमकर पेंटिंग की और खुद को रंग में खो दिया।

जब अगली सुबह सूरज निकला, तो जैक की उत्कृष्ट कृति पूरी हो गई। लेकिन उनके चाहने वालों ने उन्हें नीले रंग के समुद्र से घिरा हुआ पाया। पेंटिंग, इकोज़ ऑफ़ मैडनेस, जैक का अंतिम काम बन गई, जो जुनून की शक्ति का एक भयावह प्रमाण है।पागलपन एक दोधारी तलवार हो सकता है - यह रचनात्मकता को बढ़ावा दे सकता है, लेकिन हमें पूरी तरह से ख़त्म भी कर सकता है। पूरा क्या है?

# भोले हैं भगवान



कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी राम
गांधीनगर,
इन्दौर,मध्यप्रदेश

भोले हैं भगवान मेरे,
राम भी हैं और श्याम भी हें,
जपते रहना सुबह-सवेरे,
जीवन की वह शाम भी हैं।
भोले हैं भगवान ....
गौरी,सिया और राधे को भी,
इनसे विमुख न तुम जानों,
एक-दूसरे की श्वांसों में हैं,
इन्हें ही सारा जग मानों।
भोले हैं भगवान ...
छल ना करना तुम जीवन में,
ना ही किसी का दिल भी दुखाना,
मन को तुम गंगा-सा करना,
और सदा बहते ही जाना।
भोले हैं भगवान ....
भोले के इन रूपों में तुम,
जब-जब खोकर गाओगे,
जीवन सबल तुम्हारा होगा,
खुलकर तुम मुस्काओगे।
भोले हैं भगवान ...
आओ भोले की गाथा को,
मन में हम धारण कर लें,
जीवन के पल-पल को फिर हम,
सत्कर्मों से पावन कर लें।
भोले हैं भगवान ....

# मटके का पानी



श्याम सुंदर साहू
राजिम जिला
धमतरी
छत्तीसगढ़

इस भीषण गर्मी में,
याद आ रही है नानी।
चलो पीकर प्यास बुझाए,
मटके का ठंडा पानी।।
मटके का पानी होता है,
स्वास्थ्य के लिए लाभदायक।
फ्रीज का पानी रोग लाता,
नहीं होता यह पीने लायक।
बचपन में जब पिताजी,
मटका खरीदकर लाते।
मटके का पानी पीकर,
सभी लोग प्यास बुझाते।।
मटके का पानी पीने से,
मन हो जाता है संतुष्ट।
रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता,
कई रोग हो जाता नष्ट।।
मिट्टी की सौंधी खुशबू आती है,
मटके के इस पानी से।
मिल जाते है सारे पोषक तत्व,
शरीर को इस पानी से।।
चलो फिर लौट जाते हैं,
भूले बिसरे वही जमाना।
सभी लोग घर ले आते हैं,
मटका वही पुराना।।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# सिविल न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन...

# प्रभारी तहसीलदार ने कर दिया जमीन का नामांतरण

## पक्षकार ने लगाया गंभीर आरोप...तहसीलदार और भूमाफिया की मिलीभगत से लेनदेन कर कर दिया जमीन नामांतरण

» **पक्षकार नकल लेने तहसील कार्यालय के लगा रहे चक्कर... सरगुजा कलेक्टर के पास आवेदन लगाने पर दी गई आधा-अधूरा जानकारी**

**- मनोज कुमार -**
**लखनपुर,02 जून 2024 (घटती-घटना)।**

लखनपुर राजस्व मामलों में दिन प्रतिदिन भ्रष्टाचार का खेल देखने को मिल रहा है जिसमें जमीन दलाल से लेकर पटवारी,आरआई सहित उच्च अधिकारियों द्वारा मिली भगत कर फौती नामांतरण एवं रजिस्ट्री खाता बटवारा में मोटी रकम लेकर आदेश पारित कर दिया जाता है। वहीं आम ग्रामीण को तहसील कार्यालय का चक्कर काटते काटते उनके चप्पल घिस जाते हैं और आर्थिक रूप से टूट जाते है फिर भी उन्हे समय पर न्याय नहीं मिल पाता है। इस तारतम्य में ग्राम तराजू के निवासी जितेंद्र सिंह पिता स्वर्गीय अवधेश सिंह के द्वारा प्रभारी तहसीलदार प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर नीरज कौशिक के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सिविल न्यायालय में मामला प्रकरणधीन होने के बाद भी पैसे लेकर नामांतरण कर दिया गया। जबकि उक्त जमीन की खरीदी बिक्री को लेकर सिविल न्यायालय में मामला विचाराधिन है। जिसकी कॉपी तहसील न्यायालय में जितेंद्र सिंह अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत किया गया था।सिविल न्यायालय में मामला विचाराधीन होने के उपरांत तहसीलदार नीरज कौशिक ने नामांतरण जमीन की कर दी गई। जबकि किसी भी भू राजस्व संहिता के मामले में उच्च न्यायालय में मामला विचाराधीन




होता है। तो तहसील न्यायालय में नामांतरण जैसे मामले को करने का अधिकार नहीं रहता है परंतु जमीन दलाल से मिली भगत कर जमीन को खरीद बिक्री कर कर मोटी रकम लेकर नामांतरण करने का आरोप अधिवक्ता जितेन्द्र सिंह पिता अवधेश सिंह निवास ग्राम तराजू के द्वारा लगाया गया है ।

तहसील कार्यालय में नामांतरण सहित अन्य दस्तावेजों की नकल मांगे जाने पर नकल नहीं दिया गया इसके उपरांत सरगुजा कलेक्टर के पास नकल के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया तब जाकर आधी अधूरी जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस मामले में अगर सूक्ष्म जांच की जाए तो कई तथ्य सामने आएंगे और बड़े पैमाने पर पैसे का खेल कर जमीन की खरीदी बिक्री कर दी गई।



पीड़ित पक्षकार जितेंद्र सिंह का आरोप है कि पैतृक भूमि से लगभग 25 एकड़ भूमि को अरुण सिंह, राहुल सिंह पिता स्व राम वृक्ष चेरो ,भूमाफिया व पटवारी और तहसील कार्यालय के अधिकारियों से मिली भगत कर 25 एकड़ भूमि को अंबिकापुर निवासी हीरालाल सोनी, भैयालाल सोनी, जवाहर सोनी,पिता स्वर्गीय लाल चंद्र सोनी को बिक्री कर दिया गया। जमीन खरीदी बिक्री की भनक लगते हैं भूमि स्वामी के द्वारा तत्काल न्यायालय में आवेदन दे न्याय की गुहार लगाया गया। आरोप है की इसी बीच प्रभारी तहसीलदार नीरज कौशिक ने जमीन का नामांतरण फरवरी 2024 में कर दिया गया। जब कि सिविल न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन होने के बाद आवेदक जितेंद्र सिंह के द्वारा आवेदन देकर नामांतरण को लेकर रोक लगाने अपील किया गया था ।

> इस संबंध में प्रभारी तहसीलदार प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर नीरज कौशिक से चर्चा करने पर कहा की जो भी आरोप मुझ पर लगे वह बेबुनियाद है। साथ ही उन्होंने कहा कि सिविल न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन होने के बाद अगर सिविल न्यायालय से स्टे नहीं है तो जमीन नामांतरण किया जा सकता है।
>
> **प्रभारी तहसीलदार प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर नीरज कौशिक**

# मतगणना के लिए मात्र 1 दिन शेष,प्रत्याशियों की धडक़ने तेज





» **एग्जिट पोल के रूझान के बाद भाजपा में उत्साह...**

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,02 जून 2024 (घटती-घटना)।**

मतगणना की उल्टी गिनती शुरू हो गई। जैसे-जैसे मतगणना का समय नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे प्रत्याशियों की धडक़नें तेज हो रही है। मतगणना के लिए मात्र अब 1 दिन ही शेष रह गए हैं। 4 जून को फैसला आ जाएगा। वहीं सरगुजा लोकसभा सीट के लिए कुल 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिसमें भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी के बीच सीधी टक्कर है। भाजपा से चिंतामणि महाराज व कांग्रेस से शशि सिंह हैं। ये दोनों प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। वहीं एग्जिट पोल के बाद भाजपा खेमे में उत्साह देखा जा रहा है। वहीं कांग्रेस की निगाहें मतगणना पर टिकी हुई है। वहीं जिला प्रशासन द्वारा मतगणना की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। मतगणना से पूर्व रविवार को जिला प्रशासन द्वारा राजनितिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ड्राय रन कराया गया। ड्राय रन के बाद कलेक्टर एवं एसपी ने बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा है कि अपने दायित्वों का गम्भीरता के साथ निर्वहन करें। वहीं मतगणना के दौरान मतगणनास्थल पॉलिटेनिक कॉलेज सहित शहर के विभिन्न चौक चौराहों व राजनितिक दलों के कार्यालयों के बाहर पुलिस बल तैनात किए जाएंगे। ड्राई रन के दौरान मतगणना कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों की जांच कर मतगणना केंद्र में प्रवेश दिया गया। मतगणना दिवस को डाक मतपत्रों की गणना रिटर्निंग अधिकारी मुख्यालय जिला सरगुजा में 4 जून को सुबह 8 बजे से प्रारम्भ हो जाएगी। डाक मतपत्रों की मतगणना 8 बजे प्रारम्भ होने के आधे घंटे बाद अर्थात 8.30 बजे से ईवीएम के मतों की गणना प्रारम्भ होगी। सूरजपुर और बलरामपुर जिले में 8 बजे से ही ईवीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारम्भ कर दी जाएगी। मतगणना स्थल पर वोटों की गणना के लिये 14-14 टेबल विधानसभावार लगायी जायेगी। प्रत्येक राउंड में प्राप्त मतों का टेबुलेशन करने के साथ ही जानकारी आरओ के माध्यम से अनाउंस कराई जाएगी।

### प्रवेश एवं वाहन पार्किंग व्यवस्था

मतगणना दिवस पॉलिटेक्निक कॉलेज के बैंक के सामने मुख्य गेट से आरओ, एआरओ, एसपी, ऑब्जर्वर प्रवेश कर सकेंगे। परिसर के लाइवलीहुड कॉलेज गेट की ओर से समस्त एसडीएम,तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पुलिस अधिकारी प्रवेश करेंगे। शासकीय अधिकारी कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधियों, अभ्यर्थी एवं गणना अभिकर्ता, व्यवस्था में लगे कर्मचारी आईटीआई गेट एमजी रोड की ओर से प्रवेश करेंगे। वाहनों हेतु पार्किंग व्यवस्था पॉलिटेक्निक कॉलेज के पीछे ग्राउंड में कई गई है।

### इन सामग्रियों पर प्रतिबंध

मतगणना स्थल पर प्रवेश के लिए अधिकृत प्रवेश पत्र के बिना प्रवेश नहीं दिया जायेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मीडिया प्रतिनिधियों के लिए मतगणना केन्द्र में प्रवेश हेतु प्राधिकार पत्र जारी किए गए हैं, प्राधिकार पत्र प्राप्त मीडिया प्रतिनिधियों के लिए मतगणना केन्द्र में मीडिया सेंटर भी बनाया गया है। मतगणना कक्ष के भीतर मोबाईल फोन,आईपैड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा एवं अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण और बीड़ी, सिगरेट, गुटका पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है।

### 14 लाख 53 हजार 444 वोटों की होगी गणना

सरगुजा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत सरगुजा, सूरजपुर और बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में ईवीएम के जरिए हुए कुल 14 लाख 53 हजार 444 वोटों की गणना की जायेगी। इस दौरान पोस्टल बैलेट यानी डाक मतपत्र की भी गणना की जायेगी। अब तक लगभग 2500 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं जिसमें पोस्टल बैलेट और इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट शामिल हैं। इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट 4 जून को सुबह सात बजे तक प्राप्त किए जायेंगे। संसदीय क्षेत्र हेतु डाक मतपत्र की गणना सरगुजा स्थित मतगणना केंद्र में की जायेगी। यहां डाक मतपत्र की गणना हेतु पृथक मतगणना कक्ष बनाया गया है जहां पोस्टल बैलेट हेतु 6 टेबल और ईटीबीपी हेतु 8 टेबल लगाए गए हैं। प्रत्येक विधानसभावार मतगणना के लिए ईवीएम मतगणना हेतु 14-14 टेबल लगाए जाएंगे।



# सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करने वाले 4 आरोपियों पर हुई कार्रवाई

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,02 जून 2024 (घटती-घटना)।**

सार्वजनिक स्थान पर बैठकर शराब सेवन करने के मोल में सरगुजा पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। अभियान के तहत शनिवार को पुलिस ने चार प्रकरण में कुल चार आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के दौरान कोतवाली पुलिस ने नवागढ़ मेन रोड किनारे सार्वजानिक स्थान पर शराब का सेवन करने वाले आरोपी कृष्ण कुमार पड़वार उम्र 40 निवासी कूपा थाना ओडग़ी, थाना गांधीनगर पुलिस टीम द्वारा गंगापुर मेनरोड सार्वजानिक स्थान पर शराब का सेवन करने वाले आरोपी ऋषभ पाण्डेय उम्र 29 वर्ष निवासी दर्रीपारा अम्बिकापुर,थाना बतौली पुलिस टीम द्वारा बतौली देवरी रोड़ किनारे सार्वजानिक स्थल पर शराब का सेवन करने वाले आरोपी जेम्स किंडो उम्र 23 वर्ष व करण महंत उम्र 30 वर्ष निवासी बतौली के खिलाफ धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है।

# यातायात नियम तोडऩे वाले 83 वाहन चालकों से वसूले गए 59 हजार समन शुल्क

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,02 जून 2024 (घटती-घटना)।**

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सरगुजा पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। शनिवार को चेकिंग अभियान चलाकर 83 वाहन चालकों से 59 हजार450 रुपए समन शुल्क वसूले गए हैं।

कार्रवाई के दौरान यातायात पुलिस ने वाहन चलाते समय मोबाइल से बात करने वाले 24 वाहन चालकों से 7200 रुपये, मौके पर वाहनों के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर 7 वाहन चालकों से 2100 रुपये, दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 4 वाहन चालकों से 2000 रुपये, बिना वर्दी के ऑटो व ई-रिक्शा चलाने वाले 4 वाहन चालकों से 1200 रुपये, खतरनाक ढंग से वाहन चलाने वाले 8 वाहन चालकों से 16000 रुपये, रेड सिग्नल जम्प करने वाले 8 वाहन चालकों से 2400 रुपये, असवैधानिक पार्किंग के मामले में 3 वाहन चालकों से 900 रुपये समन शुल्क वसूले गए हैं।



# घर का ताला तोडक़र इंजीनियरिंग के छात्र की लैपटॉप चोरी

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,02 जून 2024 (घटती-घटना)।**

सुभाषनगर में इंजीनियरिंग के एक छात्र के किराए के सूने मकान का ताला तोडक़र चोरों ने लैपटॉप पार कर दिया है। छात्र ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार दिशांक राज आसदेव जिला बालोद का रहने वाला है। वह अंबिकापुर स्थित सुभाषनगर में किराए के मकान में रहकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा है। 15 मई की रात को वह किराए के घर को बंद कर अपने गांव चला गया था। वहीं मकान मालिक रंजन घरामी प्रति दिन सुबह-शाम घर के पास टहलता है। 30 मई की शाम को मकान मालिक टहल रहा था तो दिशांक के किराए के मकान में ताला लगा था। दूसरे दिन सुबह मकान मालिक ने फोन कर जानकारी दी की तुम्हारे किराए के घर का ताला टूटा हुआ है। दिशांक आकर देखा तो कमरे का ताला टूटा था और सामान बिखरा पड़ा था। वहीं बैग में रखा लैपटॉप नहीं था। वह मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ धारा 380, 457 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# चाईल्ड पोर्नोग्राफी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,02 जून 2024 (घटती-घटना)।**



चाईल्ड पोर्नोग्राफी के मामले में गांधीनगर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। एनसीआरबी दिल्ली के माध्यम से गांधीनगर पुलिस को चाईल्ड पोर्नोग्राफी के मामले में सोशल मीडिया पर सार्वजानिक रूप से अश्लील वीडियो अपलोड करने की जानकारी मिली थी। मामले में गांधीनगर पुलिस ने आरोपी उमेश साहू (36) निवासी साहूपारा प्रेमनगर सूरजपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 67(ए), 67(बी) आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# भाजपा नेता के हमले से मां-बेटे घायल,सरेआम की गुंडागर्दी



**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,02 जून 2024 (घटती-घटना)।**

सूरजपुर के भैयाथान झिलमिली इलाके में भाजपा नेता की गुंडागर्दी सामने आई है। आरोप है की भाजपा नेता ने अपने भाई के साथ एक वृद्ध महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट किया है। पूरे घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आरोपी वृद्ध महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट करते दिख रहा हैं, जिसमें वृद्ध महिला को गंभीर चोट आई है, जिसका इलाज अंबिकापुर निजी अस्पताल में चल रहा है। वहीं बेटे की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। आरोपी सावन भाजयुमो जिला महामंत्री बताया जा रहा है। झगड़े का कारण पैसे के लेनदेन को बताया जा रहा है। वहीं शिकायत के बाद झिलमिली पुलिस ने सावन और उसके भाई ऋषभ पर मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है साथ ही पीड़ित पक्ष के ऊपर भी मामला दर्ज किया है। वहीं पीड़ित पुलिस पर सही कार्रवाई ना करने का आरोप लगा रहे हैं, उनके अनुसार आरोपियों के द्वारा घर में घुसकर मारपीट की गई है जबकि पुलिस ने साधारण मारपीट का मामला दर्ज किया है। वहीं पुलिस के अनुसार अभी पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएगा उस आधार पर आगे कार्रवाई की जायेगी।

# हर्बल ग्रीन योजना के तहत पुराने बस स्टैंड को किया जाए पार्क के रूप विकसित

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,02 जून 2024 (घटती-घटना)।**



हर्बल ग्रीन योजना के तहत अम्बिकापुर में पुराने बस स्टैंड को पार्क के रूप में स्वीकृत किए जाने हेतु राज्य शासन को प्रस्ताव भेजने की मांग नगर निगम आयुक्त से अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता ने की है। अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता ने निगम आयुक्त को दिए ज्ञापन में लिखा है कि शहर दिन प्रतिदिन भीषण गर्मी की त्रासदी से गुजर रहा है वृक्षों की कटाई,निर्माण कार्य की बहुलता एवं प्रकृति का आम नागरिक कोप भाजपन बन रहा है, ऐसी स्थिति में शहर को प्रदूषण से बचाना एवं गंदगी को समाप्त करना नगर निगम प्रबंधन का दायित्व हो जाता है। नगर निगम के अंतर्गत पुराना बस स्टैंड जो शहर के मध्य में है। पार्क के रूप में विकसित किए जाने से शहर की सुंदरता तथा आय का एक प्रमुख साधन भी हो सकता है। ऐसी स्थिति में हर्बल ग्रीन योजना के तहत पुराने बस स्टैंड को पार्क के रूप में स्वीकृत किए जाने हेतु राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा जाना उचित होगा। उन्होने कहा है कि शहर में बड़े-बड़ टावर खड़े कर देने से कोई खास लाभ भी नहीं हो रहा। उन्होंने नगर निगम काम्प्लेक्स का उदाहरण देते हुए कहा है कि बीच शहर में जहां काम्प्लेक्स है वहां गंदगी का अंबार भी लगा रहता है।

# चीन की अंतरिक्ष में ऊंची छलांग...चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के सबसे बड़े क्रेटर पर उतरा चांग ई-6

**बीजिंग,02 जून 2024।** चीन का चंद्रमिशन चांग ई-6 सफलतापूर्वक चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतर गया है। जिस जगह चीन का चंद्रयान उतरा है, वह चांद का दूरस्थ इलाका है। इस मिशन के साथ ही चीन ने अंतरिक्ष क्षेत्र में एक और बड़ी छलांग लगाई है। चीन की अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन के हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि चांग ई-6 चांद के दक्षिणी ध्रुव के एटकेन बेसिन क्रेटर पर उतरा। यह क्रेटर अभी तक का ज्ञात सबसे बड़ा क्रेटर है।



### चांद की सतह से नमूने लेकर आएगा चांग ई 6

चीन अपने चंद्रमिशन के जरिए चांद के दक्षिण ध्रुव की सतह से नमूने इकट्ठा करके लौटेगा। चीन के चांग ई 4 मिशन ने साल 2019 में पहली बार चांद की सतह पर लैंडिंग की थी। अब चांग ई 6 मिशन के जरिए चीन चांद की सतह से करीब दो किलो नमूने भी लेकर आएगा। चांग ई 6 के लैंडर में ड्रिल करने और फिर वहां से नमूने उठाने के लिए मैकेनिकल आर्म लगाई गई है। चीन का यह मिशन 53 दिन का है और इसे 3 मई को लॉन्च किया गया था। चीन का यह मिशन इस मायने में भी खास है क्योंकि इसने चांद के उस हिस्से पर लैंड किया है, जो हमेशा पृथ्वी से दूर रहा है और यहां पर कभी भी सूर्य की किरणें नहीं पड़ी हैं। ऐसे में इस क्षेत्र के नमूनों से वैज्ञानिक तौर पर अहम जानकारियां मिलने की उम्मीद है।

### साल 2030 तक चांद पर मानव मिशन भेजेगा चीन

नमूनों के परीक्षण से इस बात का खुलासा हो सकता है कि चंद्रमा का निर्माण कैसे हुआ। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व में चीन का अंतरिक्ष कार्यक्रम तेजी से आगे बढ़ा है और यह अमेरिका और रूस से मुकाबला करने की कोशिश कर रहा है। अमेरिका ने चेतावनी दी है कि चीन का अंतरिक्ष कार्यक्रम सैन्य उद्देश्यों के लिए हो सकता है। चीन ने साल 2030 तक चांद पर मानव मिशन भेजने का लक्ष्य तय किया है। अमेरिका भी चांद पर साल 2026 में फिर से मानव मिशन भेजने की योजना बना रहा है।

# हेलेन मैरी रॉबर्ट्स बनीं पाकिस्तानी सेना की पहली अल्पसंख्यक महिला ब्रिग्रेडियर,पीएम शरीफ ने दी बधाई

**इस्लामाबाद,02 जून 2024।** हेलेन मैरी रॉबर्ट्स पाकिस्तानी सेना की पहली अल्पसंख्यक समुदाय की महिला ब्रिगेडियर बनीं। ब्रिगेडियर रॉबर्ट्स पाकिस्तानी ईसाई समुदाय की सदस्य है। देश की पहली अल्पसंख्यक समुदाय की महिला ब्रिगेडियर बनकर उन्होंने इतिहास रच दिया। पिछले साल रावलपिंडी में क्रिसमस के मौके पर सेनाध्यक्ष जनरल असीम मुनीर ने पाकिस्तान के विकास में ईसाई समुदाय की भूमिका की सराहना की थी। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बताया कि पूरे देश ने ब्रिगेडियर रॉबर्ट्स को बधाई दी। उन्होंने ब्रिगेडियर रॉबर्ट्स को उनकी कड़ी मेहनत के लिए सराहा।



### कानून मंत्री ने की अल्पसंख्यक समुदाय के जजों को उच्च न्यायपालिका में शामिल करने की पैरवी

पाकिस्तान के कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने अल्पसंख्यक समुदाय के न्यायधीशों को पाकिस्तानी उच्च न्यायपालिका में शामिल करने की पैरवी की। शनिवार को जस्टिस केआर कॉर्नेलियस कॉन्फ्रेंस में बात करते हुए तरार ने पाकिस्तान में धार्मिक स्वतंत्रता और अल्पसंख्यक अधिकारों के महत्व पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने देश की उच्च न्यायपालिका में अल्पसंख्यक समुदाय के न्यायधीशों को शामिल करने की इच्छा व्यक्त की।

आजम नजीर तरार ने कहा कि पाकिस्तान का संविधान पूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है। उन्होंने अल्पसंख्यक अधिकार आयोग का गठन करने और अल्पसंख्यक कानून अधिकारियों और कनूनी सलाहकारों के लिए आरक्षण देने पर जोर दिया। सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस मनसूर अली शाह ने तरार की इस अपील का समर्थन किया और साथ ही अल्पसंख्यक जजों की नियुक्ति की पैरवी भी की।

# श्रीलंका में भारी बारिश से 15 मौते, पांच हजार परिवार और 19000 लोग बेघर,कल सभी स्कूल रहेंगे बंद

**कोलंबो,02 जून 2024।** श्रीलंका में भारी बारिश का दौर जारी है। श्रीलंका में भारी बारिश के कारण सप्ताहांत में करीब 15 लोगों की मौत हो गई। बारिश के कारण पांच हजार से अधिक परिवार और 19 हजार से अधिक लोग बेघर हो गए। आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) ने बताया कि राजधानी कोलंबो सहित सात जिलों में लोगों की मौतें हुई हैं।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मूसलाधार बारिश के कारण अचानक कई शहरों में बाढ़ आ गई। साथ ही वहां, कई पेड़ उखड़ गए हैं और तेज हवाएं चल रही हैं। यहां कई क्षेत्रों में बिजली भी गिरी और भूस्खलन हुआ। बारिश के कारण 25 प्रशासनिक जिलों में से 20 जिले बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। 4000 से अधिक घरों को आंशिक क्षति हुई है। जबकि 28 घर पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं।


श्रीलंकाई सेना ने बचाव अभियान के लिए नावों से लैस सात टीमों को तैनात किया है। वायुसेना ने प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल आपातकालीन प्रतिक्रिया के लिए तीन हेलीकॉप्टरों को स्टैंडबाय पर रखा है। आगे और बारिश और बाढ़ की आशंका के चलते शिक्षा मंत्रालय ने सोमवार को पूरे देश के सभी स्कूलों को बंद करने की घोषणा की है। एहतियात के तौर पर बिजली और ऊर्जा मंत्रालय ने कई इलाकों में बिजली आपूर्ति रोक दी है। नेशनल बिल्डिंग रिसर्च सेंटर ने चार जिलों में भूस्खलन के लिए रेड नोटिस जारी किए हैं।

# नाटो का एशिया-प्रशांत संस्करण बनाने की कोशिश कर रहा अमेरिका,चीन के शीर्ष रक्षा अधिकारी का बड़ा बयान

**बीजिंग,02 जून 2024।** चीन के एक शीर्ष रक्षा अधिकारी ने दावा किया है कि अमेरिका, नाटो का एशिया प्रशांत संस्करण बनाने की कोशिश कर रहा है। हालांकि उसकी यह स्वार्थी कोशिश सफल नहीं होगी। चीन की सेंट्रल मिलिट्री कमीशन के जॉइंट स्टाफ विभाग के डिप्टी चीफ लेफ्टिनेंट जनरल जिंग जियानफेंग ने यह बड़ा दावा किया है। लेफ्टिनेंट जियानफेंग का यह दावा अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के शंगरी ला डायलॉग में दिए गए भाषण के जवाब में सामने आया है।

### अमेरिका के लिए गोलियां खाएंगे अन्य देश

शंगरी ला डायलॉग में अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने एशिया प्रशांत क्षेत्र में साझेदारी बढ़ाने और सहयोग मजबूत करने की



बात कही थी। शंगरी ला डायलॉग एशिया का प्रमुख रक्षा सम्मेलन है। ऑस्टिन के भाषण के जवाब में लेफ्टिनेंट जनरल जिंग ने चेताया कि अगर क्षेत्रीय देश अमेरिका की हिंद प्रशांत रणनीति पर हस्ताक्षर करते हैं तो वे अमेरिका के युद्ध रथ का हिस्सा बनने के लिए मजबूर होंगे और उन्हें अमेरिका के लिए गोलियां खानी होंगी। उन्होंने कहा कि ऑस्टिन की टिप्पणी सुनने में अच्छी लगती है, लेकिन यह सही नहीं है और इसे सिर्फ अमेरिका के भू-राजनैतिक हितों को साधने के लिए बनाया गया है और ये असफल होने के लिए अभिशप्त है।

### अमेरिका के आधिपत्य को कायम रखना उद्देश्य

चीनी सैन्य अधिकारी ने कहा कि इस पूरी नीति का उद्देश्य अमेरिका के आधिपत्य को कायम रखना है। नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गनाइजेशन (नाटो) एक अंतरसरकारी सैन्य गठबंधन है। जिसमें 32 देश सदस्य हैं। इनमें से 30 देश यूरोपीय और दो देश उत्तरी अमेरिकी हैं। नाटो के किसी भी सदस्य देश पर हमले को पूरे गठबंधन पर हमला माना जाता है और सभी सदस्य देश मिलकर उस हमले का जवाब देते हैं। लेफ्टिनेंट जनरल जिंग ने कहा कि अमेरिका की एशिया प्रशांत रणनीति बंटवारे और संघर्ष को बढ़ावा दे रही है। उल्लेखनीय है कि एशिया प्रशांत क्षेत्र में हिंद महासागर, पश्चिमी और मध्य प्रशांत महासागर और दक्षिण चीन सागर भी शामिल है।

# कट्टरपंथी नेता अहमदीनेजाद फिर राष्ट्रपति बनने की रेस में शामिल...अयातुल्लाह खुमैनी की बढ़ सकती है परेशानी

**तेहरान, 02 जून 2024।** ईरान के कट्टरपंथी पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद एक बार फिर राष्ट्रपति पद की रेस में शामिल हो गए हैं। दरअसल अहमदीनेजाद ने 28 जून को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए रविवार को नामांकन किया। इब्राहिम रईसी की हेलीकॉप्टर हादसे में मौत के बाद ईरान में राष्ट्रपति चुनाव हो रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान में राष्ट्रपति पद की रेस में करीब 20 नाम हैं और अहमदीनेजाद सबसे चर्चित नाम हैं। अहमदीनेजाद साल 2005 में ईरान के राष्ट्रपति चुने गए थे और लगातार दो कार्यकाल तक यानी साल 2013 तक ईरान के राष्ट्रपति रहे।

### सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खुमैनी पर बढ़ा दबाव

महमूद अहमदीनेजाद के नामांकन के बाद ईरान के राष्ट्रपति का चुनाव रोचक हो गया है। अहमदीनेजाद ईरान के लोकप्रिय नेताओं में से एक हैं। खास बात ये है कि अहमदीनेजाद के नामांकन से ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अल खुमैनी पर दबाव बढ़ गया है।



ईरान का राष्ट्रपति रहने के दौरान अहमदिनेजाद ने अयातुल्लाह अल खुमैनी को चुनौती दी थी, जिसके चलते साल 2021 में अहमदीनेजाद को राष्ट्रपति चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित कर दिया गया था। ईरान संवैधानिक निगरानी संस्था, गार्जियन काउंसिल ने उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया था। अहमदीनेजाद को अमेरिका का कट्टर विरोधी माना जाता है। अहमदीनेजाद इस्राइल के भी घोर विरोधी माने जाते हैं और वह इस्राइल को दुनिया के नक्शे से मिटाने की बात कह चुके हैं।

### ईरान का पश्चिमी देशों से लगातार बढ़ रहा तनाव

अहमदीनेजाद अगर ईरान की सत्ता में वापस आते हैं तो कट्टरपंथी नेता की यह वापसी ऐसे समय होगी, जब ईरान और पश्चिमी देशों के बीच तनाव चरम पर है। ईरान लगातार अपने परमाणु कार्यक्रम को बढ़ा रहा है। साथ ही ईरान इस्राइल के खिलाफ भी आक्रामक रुख अपनाए हुए है। इस्राइल हमास युद्ध के चलते ईरान समर्थित हूती विद्रोही लगातार अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों पर हमले कर रहे हैं, जिसका असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है।

# मुकदमे में छह गलतियों ने ट्रंप को दोषी ठहराया

## बचाव पक्ष की जिरह में जज की बेइज्जती से लेकर झूठ था शामिल

**वाशिंगटन, 02 जून 2024।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप देश के पहले ऐसे राष्ट्रपति बन गए हैं जिन्हें किसी मुकदमे में दोषी ठहराया गया है। विशेषज्ञों की मानें तो वह इस मुकदमे में पूरी तरह राहत पा सकते थे, शायद केस भी जीत सकते थे। लेकिन उन्होंने और उनके वकीलों ने मुकदमे के दौरान छह गलतियों से कोई परहेज तक नहीं किया।



### कोर्ट में लेते रहे झपकी

ट्रंप अपने मुकदमे में अधिकांश वक्त में झपकी लेते दिखे। ज्यूरी सदस्यों को उनके कभी-कभी सोने से परेशानी नहीं थी। लेकिन कोर्ट रूम में मॉनिटर पर (जिस पर ट्रंप को सामने से दिखाया गया) उनकी आंखें हर दिन और गवाही के बड़े हिस्से में बंद दिखी थीं।

### गवाह पेश करने का फैसला

बचाव पक्ष किसी भी गवाह को न बुलाए जाने का विकल्प चुन सकता था। इसके बजाय बचाव पक्ष ने मुकदमे में अब तक के सबसे खराब और कम विश्वसनीय गवाह गुंडे रॉबर्ट कॉस्टेलो को बुलाया।

### ट्रंप ने की जज की बेइज्जती

ट्रंप ने जज का अनादर किया। उनकी टीम ने बार-बार जज को नाराज करने की गलती की। उन्होंने 10 बार अदालत की अवमानना की। इसके लिए वह लगभग जेल जाते-जाते बचे थे। उनके वकीलों ने कई तुच्छ और दोहरे प्रस्ताव पेश किए। इससे उनके केस और खुद की प्रतिष्ठा को कोई फायदा नहीं पहुंचा। जाहिर है कि मुवक्किल (ट्रंप) ने ही इस पर जोर दिया होगा।

# बाज नहीं आ रहे हूती,हिंद महासागर-लाल सागर में छह अभियान चलाने का दावा...तीन जहाजों पर बोला हमला



**काहिरा,02 जून 2024।** इस्राइल-हमास संघर्ष के बीच फलस्तीन के समर्थन में यमन के हूतियों ने लाल सागर और हिंद महासागर में छह अभियान चलाए। इस दौरान एक अमेरिकी विमानवाहक पोत, एक युद्धपोत और तीन जहाजों को निशाना बनाया। यह जानकारी ईरान समर्थित समूह के सैन्य प्रवक्ता याह्या सारी ने दी।

### बाज नहीं आ रहे हूती, लाल सागर में जहाजों को बनाया निशाना

ईरान गठबंधन हूती संगठन लाल सागर में नवंबर से लगातार ड्रोन हमले कर रहा है। इससे जहाजों को दक्षिणी अफ्रीका की तरफ मुड़ने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इस्राइल-हमास युद्ध के बढ़ने की आशंका है, इससे मध्य-पूर्व एक बार फिर अस्थिर हो सकता है। इस साल मार्च में हूती संगठन के एक नेता ने कहा था कि वह इस्राइल से जुड़े जहाजों को रोकने के लिए वह हमले तेज कर रहा है।

### कई मिसाइलों और ड्रोन से हमला

याह्या सारी ने शनिवार को कहा कि हूती विद्रोहियों ने लाल सागर के उत्तर में स्थित अमेरिकी विमानवाहक पोत आइजनहावर को कई मिसाइलों और ड्रोन से निशाना बनाया। यह हमला पिछले 24 घंटों में दूसरी बार किया गया है।


### इनको बनाया गया निशाना

प्रवक्ता ने आगे बताया कि अन्य अभियानों में लाल सागर में एक अमेरिकी युद्धपोत और अबलियानी जहाज को निशाना बनाया गया है। साथ ही मैना जहाज को भी निशाना बनाया गया। इस जहाज पर लाल सागर और अरब सागर में दो बार हमला करने की कोशिश की गई। इसके अलावा, हिंद महासागर में जहाज अलोराईक को भी निशाना बनाया गया। हूती विद्रोहियों के ड्रोन और मिसाइल हमलों का उद्देश्य बाब अल-मंडब जलडमरूमध्य और अदन की खाड़ी है। इन हमलों की वजह से जहाजों को दक्षिणी अफ्रीका की तरफ मुड़ने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

# रूस-यूक्रेनः राष्ट्रपति जेलेंस्की को डर-पुतिन को चीन का समर्थन

## लंबा खींचेगा युद्ध...27 महीने से जारी है लड़ाई

**सिंगापुर,02 जून 2024।** एशिया का प्रमुख सुरक्षा शिखर सम्मेलन शांगरी ला डायलॉग सिंगापुर में आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम को यूक्रेन के राष्ट्पति ने भी संबोधित किया। इस दौरान, उन्होंने कहा कि रूस को चीन का समर्थन यूक्रेन में युद्ध को लंबा खींच सकता है। उन्होंने एशिया-प्रशांत क्षेत्र के देशों से शांति सम्मेलन में भाग लेने का आग्रह भी किया। उन्होंने कहा कि रूस सम्मेलन में बाधा डालने का प्रयास कर रहा है।



### रूस के हथियार ज्यादातर चीन से आते हैं

राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान जेलेंस्की ने कहा कि चीन के समर्थन के कारण रूस लंबे समय तक संघर्ष को खींचेगा। चीन घोषणा करता है कि वह क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का समर्थन करता है। वह आधिकारिक तौर पर इसकी घोषणा करता है। ऐसे में चीन की यह नीतियां उनके और पूरी दुनिया के लिए खतरनाक होंगी। जेलेंस्की ने संकेत दिया कि रूस के हथियार ज्यादातर चीन से आते हैं।

### देशों को धमका रहा है रूस

शांति शिखर सम्मेलन के बारे में जेलेंस्की ने कहा कि रूस शांति शिखर सम्मेलन को बाधित करने की कोशिश कर रहा है। रूस दुनिया के कई देशों में घूम रहा है। वह देशों को कृषि वस्तुओं, खाद्य उत्पादों, रासायनिक उत्पादों की नाकाबंदी के लिए धमका रहा है। रूस चाह रहा है कि देश शांति शिखर सम्मेलन में शामिल न हो। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि चीन जैसे बड़ा और स्वतंत्र शक्तिशाली देश पुतिन के हाथों में है। हालांकि,चीनी रक्षा मंत्री ने हाल ही में कहा था कि वे जिम्मेदारी के साथ शांति वार्ता को बढ़ावा दे रहे हैं।

### पहले भी कर चुके हैं अपील

इससे पहले भी जेलेंस्की ने वैश्विक नेताओं से आग्रह किया था कि 15 जून से शुरू होने वाले वैश्विक शांति शिखर सम्मेलन में आप सभी भाग लें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कोई भी देश अकेले और बिना सहायता के ऐसे युद्धों को नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा था कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग शांति कों बढ़ाने के लिए नेतृत्व करें। वैश्विक बहुमत के प्रयासों से शांति स्थापित हो सकती है। रूस की आक्रमकता के खिलाफ एकजुट होना आवश्यक है।

# नेतन्याहू के खिलाफ तेल अवीव की सड़कों पर सबसे बड़ा प्रदर्शन, बंधकों को छुड़ाने की मांग



**तेल अवीव,02 जून 2024।** तेल अवीव की सड़कों पर एक बार फिर बड़े सरकार विरोधी प्रदर्शन देखने को मिले। बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों ने हमास के साथ बंधकों की अदला-बदली समझौते और बेंजामिन नेतन्याहू को प्रधानमंत्री के पद से हटाने व देश में तय समय से पहले जल्द चुनाव कराने की मांग की। टाइम्स ऑफ इस्राइल ने अपनी खबर में यह जानकारी दी।

प्रदर्शन के आयोजकों का दावा है कि सात अक्तूबर के बाद से शनिवार को सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन में अकेले तेल अवीव में 1,20,000 लोग पहुंचे। हांलांकि, इस आंकड़े की पुष्टि नहीं की गई है। इसी तरह के विरोध प्रदर्शन देशभर के विभिन्न हिस्सों में भी देखने को मिले।

प्रदर्शनकारियों ने डेमोक्रेसी स्क्वायर, बिगिन रोड और कपलान स्ट्रीट के चौराहे पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं, यरूशलम में हजारों लोगों ने राष्ट्रपति निवास की ओर कूच किया। उन्होंने बंधकों की सुरक्षित वापसी की मांग और संघर्ष को खत्म करने के प्रयासों के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का आभार जताया। इस दौरान गाजा में हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के प्रतीक पीले झंडे भी लहराए गए। प्रदर्शनकारियों ने बंधकों को वापस लाना होगा के नारे लगाए।

इस बीच,कतर,अमेरिका और मिस्त्र ने एक साझा बयान में इस्राइल और हमास से प्रस्तावित युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के लिए समझौते को अपनाने का आग्रह किया।

CMYK

# कोरिया स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ की ऐसी कौन सी मजबूरी थी कि जिला अस्पताल से 8 किमी दूर किराया पर लेना पड़ा गोदाम ?

## ➡एक बार फिर बढ़ाया गया गोदाम का अनुबंध इसके पीछे की क्या है वजह ?
## ➡क्या पूर्व डीपीएम के खास को गोदाम के देकर किया जा रहा लाभान्वित ?



कोरिया स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ द्वारा जिला अस्पताल से 8 किमी दूर किराए पर लिया गया गोदाम...




-रवि सिंह-
कोरिया,02 जून 2024
(घटती-घटना)।

जिला कोरिया स्वास्थ्य विभाग में मनमानियों का दौरा खत्म होने का नाम नहीं ले रहा,कारनामों की तो एक लंबी फेहरिस्त बनी हुई है यहां पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी किसी को कुछ समझ ही नहीं रहे हैं,जैसा जी आ रहा है वैसा मनमानी जारी रखा है उन्होंने,तत्कालीन सीएमएचओ द्वारा जिला अस्पताल से 8 किलोमीटर दूर न जाने किस व्यवस्था के तहत गोदाम किराए पर लिया गया था और उस गोदाम की जरूरत जिला अस्पताल को क्यों थी? बताया यह भी जा रहा है कि उस गोदाम के आड़ में लाखों रुपए स्वास्थ्य विभाग के खर्च हो रहे हैं पर उसका उपयोग दिख नहीं




रहा है,सवाल यह भी है कि आखिर क्या जिला चिकित्सालय के आसपास गोदाम की व्यवस्था नहीं खोज पाया स्वास्थ्य विभाग या फिर अपने किसी चहेते को लाभ देने के लिए 8 किलोमीटर दूर गोदाम बनाया गया? सूत्रों का कहना है कोरिया जिले का स्वास्थ्य विभाग अभी भी पूर्व डीपीएम के निर्देशों पर ही काम कर रहा है, भाजपा सरकार के सिरदर्द बने डीपीएम के एक खास को जिला अस्पताल और सीएमएचओ कार्यालय से 8 से 9 किमी दूर उसके गोदाम का किराया देकर उपकृत किया गया है जिससे सरकारी राशि बिना वजह खर्च हो रही है,शासन को भारी भरकम राशि से आर्थिक नुकसान हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग के तत्कालिन सीएमएचओ डॉ रामेश्वर शर्मा द्वारा कोरोना काल में शहर को छोड़ लगभग 8 किमी दूर पूर्व डीपीएम के खास को उसका बनाए गए एक कॉम्पलेक्स को किराए पर लिया गया, हैरानी की बात तो यह है कि यदि उसमें रखे सामान को लाया जाता होगा और परिवहन खर्च अलग से लगता होगा। तत्कालिन सीएमएचओ का स्थानांतरण हो गया, उसके बाद बीते दो वर्ष होने को है वर्तमान सीएमएचओ डॉ आरएस सेंगर ने उक्त किराए के गोदाम को 2024 तक और बढा दिया,क्योकि अब इस दौरान पूरे सर्वेसर्वा स्वयं डीपीएम रहे हैं। बताया जाता है किराए पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा भारी भरकम राशि दी जा रही है जिसमें एक हिस्सा एक राजनैतिक दल के अध्यक्ष को जा रहा है, एक हिस्सा पूर्व डीपीएम को एक हिस्सा सीएमएचओ और एक हिस्सा जिसका गोदाम है उसे मिल रहा है कुल मिलाकर जिले के लोगों के स्वास्थ्य के लिए खर्च होने वाली राशि आपस में बंदरबांट की जा रही है जिसमे स्वास्थ्य विभाग के लोगों सहित राजनीतिक दल के लोग भी शामिल हैं,इस तरह से गोदाम के किराए की राशि के नाम पर भी बड़ा बंदरबांट हो रहा है।

### सीएमएचओ कार्यालय के पास नया गोदाम

सीएमएचओ कार्यालय के पास सीजीएमएससी का अपना गोदाम है, वहीं बंद पड़े नर्सिंग कॉलेज की कई विशाल भवनों को गोदाम बना कर उपयोग किया जा रहा है,उसमें से एक भवन को नया गोदाम बनाया गया है,काफी जगह होने के बाद भी 8 किमी दूर गोदाम किराए पर लेकर किसी को उपकृत करने के पीछे बड़ा खेल बताया जा रहा है। जबकि वहां रखे कुछ सामान को लाकर यहां रखा जा सकता है,बावजूद इसके वर्तमान सीएमएचओ ने उक्त गोदाम को 2024 तक रखने का अनुबंध बढ़ा दिया है। ताकि बंदरबांट से उसका फायदा उन्हें भी मिलता रहे।

### खास से हर कोई रहता है भयभीत

पूर्व डीपीएम का जो खास व्यक्ति है, उससे राजनैतिक दलों के नेताओं में काफी भय व्याप्त है। कांग्रेस हो या भाजपा हर दल का नेता उसके आगे नतमस्तक है। स्वास्थ्य विभाग में गोदाम की राशि को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे है, आखिर इतनी राषि बेवजह क्यों खर्च की जा रही है, स्वास्थ्य विभाग की ऐसी कौन सी पोल उक्त व्यक्ति के पास है, जो सरकारी राषि से प्रतिमाह उसे उपकृत किया जा रहा है, आखिर ऐसी कौन सी मजबूरी है।

### जिले वासियों के स्वास्थ्य सुविधा के लिए खर्च होने वाली राशि कुछ स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार आपस में कर ले रहे बंदरबांट

जिले के स्वास्थ्य व्यवस्था का हाल किसी से छिपा नहीं है,खुद भाजपा नेता के द्वारा ही एक दो दिन पूर्व सोशल मिडिया पर इस बात की स्वीकार्योक्ति की गई थी की स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति जिले में गंभीर है वहीं अब जो शासकीय खासकर जिले के लोगों के स्वास्थ्य व्यवस्था पर खर्च होने वाली राशि के बंदरबांट की यह जो नई जानकारी सामने आई है उसके बाद यह कहा जा सकता है की जिले के स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी सम्हाल रहे जिम्मेदार खुद का ही भला करने में कुछ अपने खास का भला करने में ही व्यस्त हैं उन्हे स्वास्थ्य व्यवस्था सुदृढ़ करने की बजाए अपनी जेब भरनी और कुछ अपने खास लोगों की जेब भरनी ज्यादा जरूरी बात लग रही है। बताया जा रहा है की जिस व्यक्ति का शहर से दूर गोदाम किराए पर लिया है स्वास्थ्य विभाग ने उसकी जरूरत ही नहीं है स्वास्थ्य विभाग को केवल पैसा आपस मे बांटने के लिए ही गोदाम किराए पर लिया गया है।वैसे हाल ही में जीवन दीप समिति के पैसे से जिला चिकित्सालय में चाय नाश्ते का बिल भुगतान हुआ था जो बात सामने आई थी और उसके बाद अब गोदाम के नाम पर स्वास्थ्य व्यवस्था सुदृढ़ करने की राशि के बंदरबांट की बात सामने आई है जो गंभीर स्थिति और चरित्र को बयान करती है जिम्मेदार लोगों के।

### पूर्व डीपीएम की भ्रष्टाचार की परंपरा आगे बढ़ा रहे वर्तमान सीएमएचओ

पूर्व डीपीएम के कार्यकाल में उक्त गोदाम किराए पर लिया गया था और जो उनके जाने के बाद भी किराए पर बना हुआ है अनुबंध अवधि बढ़ा दी है है। देखा जाए तो पूर्व डीपीएम की भ्रष्टाचार की परंपरा को कोरिया जिले का स्वास्थ्य विभाग आगे बढ़ा रहा है और जो जारी है उनके जाने के बाद भी।

### भ्रष्टाचार मुक्त भारत का प्रधानमंत्री का सपना कैसे होगा पूरा...जब स्वास्थ्य विभाग जैसे विभाग में भाजपा शासित प्रदेश में जारी है भ्रष्टाचार

देश के प्रधानमंत्री ने अपने दूसरे कार्यकाल के बीच में ही घोषणा कर दी थी की देश को भ्रष्टाचार मुक्त करना उनकी प्राथमिकता होगी और वह लगातार इस दिशा में काम करते भी नजर आ रहे हैं वहीं भ्रष्टाचार के मामले में लगातार कार्यवाही भी देखने को मिल रही है वहीं अपने तीसरे कार्यकाल को लेकर भी उनका कहना है की भ्रष्टाचार के मामले बर्दास्त नहीं किए जायेंगे। अब जब प्रधानमंत्री जो की भाजपा से हैं का यह बयान है यह संकल्प है वहीं छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा की ही सरकार है और प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग में खासकर कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग में विगत पांच सालों से बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हो रहा है और फिलहाल भाजपा की सरकार में भी वह जारी है जो रुकने का नाम नहीं ले रहा है और ऐसे में प्रधानमंत्री का संकल्प कैसे पूरा होगा जब उन्हीं की दल की सरकार में ऐसा हो रहा है प्रदेशों में। देखा जाए तो कोरिया जिले का स्वास्थ्य विभाग भाजपा शासन और प्रधानमंत्री के भ्रष्टाचार मुक्त भारत अभियान को पलीता लगा रहा है चिढ़ा रहा है क्योंकि यहां गोदाम के नाम पर भी भ्रष्टाचार हो रहा है और स्वास्थ्य व्यवस्था वेंटीलेटर पर है।

## मतगणना में 1-1 वोट पर कड़ी नजर रखें,गलत हो तो पुरजोर विरोध करें : नेता प्रतिपक्ष डॉ.महंत



कोरबा,02 जून 2024 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने अपने प्रवास के दौरान आज गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिला में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं मतगणना अभिकर्ताओं की बैठक ली। डॉ. महंत ने कहा कि मतगणना के समय पूरी तरह से सजग और सतर्क रहने की आवश्यकता है। जरा सी भी चूक नहीं होनी चाहिए। डॉ.महंत ने कहा कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र के 2084 मतदान केन्द्रों में गिनती के दौरान प्रत्येक बूथ के प्रत्येक टेबल पर पूरी तत्परता और ईमानदारी से अंतिम गिनती होते तक डटे रहना है। एक टेबल पर भी यदि 10 वोट भी अगर आपकी नजर से ओझल हुए तो पूरे 2084 बूथों के हिसाब से आंकड़ा समझा जा सकता है, इसलिए पूरी तैयारी रखें। किसी भी तरह की शंका का पूर्ण रूप से समाधान करें। डॉ.महंत ने गणना अभिकर्ताओं से कहा कि एक-एक वोट लोकतंत्र के लिए कीमती है और मतगणना के दौरान यदि किसी भी तरह का गलत काम होते दिखे तो उसका पूरी ताकत से विरोध करें, अपना विरोध दर्ज कराने से न चूकें। बैठक के दौरान प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, जीपीएम जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम वासुदेव, पूर्व विधायक गुलाब कामरो, गुलाब सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्तागण, मतगणना अभिकर्ता उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत अध्यक्ष ने अपने जन्मदिन अपने पर लोगों को बांटे वस्त्र और जरूरी सामान



-संवाददाता-
प्रतापपुर,02 जून 2024
(घटती-घटना)।

नगर पंचायत अध्यक्ष कंचन सोनी ने हर साल की तरह इस वर्ष भी अपना 52 जन्मदिन नगर के गरीब तबके के महिला पुरूष एवं बच्चों के साथ मनाया ।

कंचन सोनी ने नगर के 15 वार्डो के सभी लोगों को अपने निजी निवास पर भोजन कराया एवं जरूरतमन्द महिलाओं वं बच्चों को अपने माता पार्वती सोनी के हाथों वस्त्र और जरूरी सामान भी वितरण कर सभी का आशिर्वाद लिया । कंचन सोनी के कहा मैं हमेशा मजबूर लचार एंव जरूरत मन्द लोगों के लिए सदैव खड़ा रहता हूँ और हमेशा सभी की मदत करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि मुझे ऊपर वाले ने इतना दिया है। कि मेरे पास जो व्यक्ति आता है मैं उनकी हर तरह से मदत करने की कोशिश करता हूँ।

## सीएम के निज सहायक ने रुद्रप्रयाग उत्तराखंड के कलेक्टर को लिखा पत्र

# हेलीकॉप्टर यात्रा के लिए यात्रियों की भेजी सूची में दिखा कांग्रेसियों नाम...मचा बवाल

### केदारनाथ मंदिर पहुंचने सहित विशेष पूजा अर्चना का पत्र में है उल्लेख,सूची में जिनके हैं नाम वह हैं कांग्रेसी भाजपाई हुए नाराज

### सोशल मिडिया पर भाजपाई निकाल रहे भड़ास,झंडा उठाने नारा लगाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता

### आचार संहिता में शासकीय सुविधा कांग्रेसियों को मिलने का लगा रहे आरोप



-ओंकार पांडेय-
सूरजपुर,02 जून 2024
(घटती-घटना)।

प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी एक पत्र के बाद सूरजपुर जिले के भाजपाई खासे नाराज नजर आ रहे हैं और जिसका इजहार वह सोशल मिडिया में कर रहे हैं और जिसपर अन्य भाजपाइयों की भी प्रतिक्रिया सामने आ रही है। आदर्श आचार संहिता के दौरान जारी उक्त पत्र उत्तराखंड राज्य के रुद्र प्रयाग कलेक्टर को लिखा गया है और जिसमे चार लोगों के लिए रुद्रप्रयाग से केदारनाथ मंदिर यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर व्यवस्था करने के लिए कहा गया है और जिस पत्र के सार्वजनिक होते ही सूरजपुर जिले के भाजपाई आग बबूला हैं। भाजपाइयों का आरोप है की जो चार लोग मुख्यमंत्री कार्यालय से पत्र लिखवाकर केदारनाथ यात्रा के लिए आचार संहिता के दौरान जा रहे हैं वह कांग्रेसी हैं और मुख्यमंत्री के निज सचिव द्वारा लिखा गया रुद्र प्रयाग कलेक्टर को पत्र आचार संहिता के दौरान लिखा गया है।

भाजपाइयों का कहना है की बात यदि भाजपा के कार्यकर्ताओं की होती उन्हे आदर्श आचार संहिता का बहाना बनाकर टाल दिया जाता और जब बात कांग्रेसियों की आई मुख्यमंत्री कार्यालय से बकायदा पत्र जारी कर रुद्रप्रयाग कलेक्टर को निर्देशित कर दिया गया। पत्र 29 मई को जारी किया गया है मुख्यमंत्री कार्यालय से और 2 जून की तिथि को चार लोगों के लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था करने की बात कही गई है। बताया जा रहा है की मामले को लेकर सूरजपुर जिले के भाजपाई काफी अक्रोशित हैं और वह सोशल मिडिया पर अपनी भड़ास निकाल रहे हैं उनका कहना है की जब नारा लगाना हो जिंदाबाद करना हो झंडा पार्टी का उठाना हो पार्टी कार्यकर्ता की जरूरत ही पार्टी को और सत्ता के सुख के समय विपक्ष के लोगों को लाभ प्रदान किया जा रहा है। भाजपा के नेता कार्यकर्ता इस पोस्ट पर अपने अपने विचार प्रकट कर रहे हैं।

### भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने सबसे पहले सोशल मिडिया पोस्ट कर जाहिर की नाराजगी,बाद में पोस्ट कराया गया डिलीट-सूत्र

बताया जा रहा है की मामले में सबसे पहले भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने सोशल मिडिया पोस्ट कर नाराजगी जाहिर की और जिसके बाद अन्य भाजपाइयों की भी प्रतिक्रिया पोस्ट पर समाने आने लगी जिसके बाद बड़े नेताओं को मामले में दखल देना पड़ा और उन्होंने जिला उपाध्यक्ष अनुज सिन्हा की पोस्ट डिलीट कराई क्योंकि इससे पार्टी की छवि को नुकसान हो रहा था। वैसे जब तक पोस्ट डिलीट कराई गई तब तक जिले सहित प्रदेश स्तर तक बात जाहिर हो गई और भाजपा कार्यकर्ताओं में निराशा देखने को मिला और अन्य जिले में भी इसकी चर्चा होने लगी। भाजपा जिला उपाध्यक्ष का मुंह तो भाजपा नेता बंद करा ले गए लेकिन अंदर खाने यह मामला भाजपाइयों के लिए कर्मठ कार्यकर्ताओं के लिए काफी बुरा अनुभव देने वाला रहा जो सुनने को मिल रहा है।

### अन्य एक भाजपा नेता ने पोस्ट नहीं किया डिलीट,सोशल मिडिया पर पोस्ट है नाराजगी जाहिर करता मौजूद

बताया यह भी जा रहा है की भाजपा के ही नेता बिट्टू सिंह ने पोस्ट डिलीट नहीं किया और उस पर आज भी प्रतिक्रिया सामने आ रही है । झंडा उठाने जिंदाबाद करने सहित पार्टी को जिताने वाले कार्यकर्ता के लिए आचार संहिता का बहाना कांग्रेसियों के लिए आचार संहिता में हेलीकॉप्टर सुविधा यही है सोशल मिडिया पोस्ट का मजमून।

### क्या प्रत्येक भाजपा नेता कार्यकर्ता को हेलीकॉप्टर सुविधा के लिए मिलेगा मुख्यमंत्री कार्यलय से पत्र,या सुविधा कुछ खास के लिए मात्र ?

शासन से मिलने वाली सुविधा का लाभ या तो बड़े नेता उठाते हैं अधिकारी उठाते हैं या फिर पहुंच रखने वाले गिने चुने कार्यकर्ता उठाते हैं। क्या सभी भाजपाइयों को भी अब प्रदेश में ऐसी सुविधाएं मिलेंगी यह सूरजपुर के कांग्रेस नेताओं के लिए जारी रुद्रप्रयाग कलेक्टर को लिखे गए पत्र के बाद जिसमे हेलीकॉप्टर सुविधा की मांग की गई है उनके लिए यह सवाल खड़ा करती है। सुविधा सभी भाजपा कार्यकर्ताओ को ऐसी मिलेगी या कुछ खास के लिए ही ऐसी सुविधा का प्रावधान है यह अब सवाल उठ रहा है वहीं अब हर भाजपाई ऐसी सुविधा की मांग करेगा क्योंकि जब कांग्रेस नेताओं के लिए पत्र जारी हुआ है सुविधाओं के लिए तो उनके लिए क्यों नहीं यह उनकी मांग होगी। कुल मिलाकर एक पत्र शासन सरकार पार्टी के लिए फजीहत बन चुका है।

# बेरोजगार युवक-युवतियों को नौकरी लगाने के नाम बनाया जा रहा ठगी का शिकार...मामला एमसीबी नवीन जिले के जिला मुख्यालय से जुड़ा हुआ

## खुद के साथ नौकरी दिलाने के नाम पर हुई ठगी की शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंच रहे युवक-युवती,कर रहे लिखित शिकायत





प्रदीप पाले पर शिकायतकर्ता ने लगया आरोप


नशीब अंसारी पर शिकायतकर्ता ने लगाया आरोप


अतुल पठानिया पर शिकायतकर्ता ने लगाया आरोप


अरुण गुप्ता कंपनी के एमडी पर भी शिकायतकर्ता ने लगया आरोप

**-रवि सिंह-**
**एमसीबी,02 जून 2024 (घटती-घटना)।**
नवीन जिले एमसीबी में नौकरी दिलाने के नाम पर युवक युवतियों से ठगी का खेल जारी है और जिसको लेकर पुलिस के पास शिकायत पहुंचने लगी है और अब मामले में पुलिस क्या कार्यवाही करती है इसका इंतजार है। बता दें की नवीन जिले के जिला मुख्यालय में कार्यालय संचालित कर बेरोजगार युवक युवतियों को नौकरी दिलाने का दावा किया जा रहा है जहां बड़ी तादाद में बेरोजगार युवक युवतियां पहुंच रही हैं और जिसके बाद उनके साथ ठगी की जा रही है।

बताया जा रहा है की 12000 से 19000 तक की सैलरी दिए जाने की बात कहकर यह ठगी की जा रही है और जहां प्रतिदिन युवक युवतियों के साथ ठगी हो रहा है और मामले में जिम्मेदार कोई पहल कार्यवाही अपने से नहीं कर रहे हैं जो मामले को गंभीर बना रहा है। अब मामले में शिकायत सामने आने लगा है और एक युवक ने जहां पुलिस थाना मनेंद्रगढ़ में लिखित शिकायत की है वहीं एक युवती ने पुलिस अधीक्षक एमसीबी से शिकायत कर ठगी की बात बताई है और दोनों के द्वारा अपना पैसा जो नौकरी लगाने के नाम पर उनसे ठगा गया है को वापस दिलाने की गुहार लगाई है। नवीन जिले में इस तरह का ठगी का व्यवसाय लंबे समय से संचालित है वह भी शहर के मध्य में ही उसका कार्यालय भी है इसके बावजूद पुलिस मामले से अनभिज्ञ है यह पुलिस की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल है वैसे बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार का लालच देकर उन्हें ठगी का शिकार बनाने के लिए बकायदा विज्ञापन भी प्रसारित किया जाता है जो सभी की नजर में आता भी है। अब जब एक युवक और एक युवती खुद के साथ रोजगार के नाम पर ठगी की शिकायत लेकर सामने आए हैं और पुलिस से शिकायत दोनो ने की है देखना है की पुलिस क्या कार्यवाही करती है और क्या वह युवक और युवती को न्याय दिला पाती है उनका पैसा वापस दिला पाती है जो उनसे नौकरी लगाने के नाम पर ठग कर लिया गया है।

### क्या शिकायत के बाद पुलिस कार्यवाही करती है या वह युवक और युवती का पैसा वापस दिलाती है?

नवीन जिले में घटी इस ठगी की घटना की शिकायत पुलिस थाने में भी हुई है वहीं मामले की लिखित शिकायत पुलिस अधीक्षक से भी हुई है। अब सवाल यह उठता है की क्या पुलिस मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए पैसा वापस दिलाती है युवक और युवती का और क्या वह कानूनी कार्यवाही करती है ठगी की घटना को अंजाम देने वालों के विरुद्ध? युवक और युवती ने शिकायत और अपने पैसे वापस दिलाए जाने की मांग की है जबकि मामला गंभीर है और यदि ठगी का आरोप सही है तो ठगी की घटना अन्य के साथ भी घटी होगी और जिसकी शिकायत अभी तक समाने नहीं आई होगी। कुल मिलाकर अब देखने वाली बात यह है की नवीन जिले की पुलिस कितनी तत्पर है मामले में न्याय दिलाने के लिए।

### पुलिस शिकायत पर जांच करके आखिर ठगी करने वालों का कार्यालय ही क्यों नहीं बंद करा रही है?


मामले में यह भी सवाल है की शहर के भीतर ही ठगी का यह कार्यालय खुले आम संचालित है और जिसकी शिकायत भी समाने आ चुकी है की वहां बेरोजगारों को ठगने का काम किया जा रहा है रोजगार देने के नाम पर। अब सवाल यह उठता है की पुलिस ठगी का कार्यालय ही क्यों नहीं बंद करा देती है। कार्यालय बंद कराने में पुलिस को क्या दिक्कत है।। शिकायतकर्ता जब नामजद शिकायत कर रहे हैं तब शिकायत की जांच और कार्यवाही में विलंब क्यों।

### प्रशिक्षण के नाम पर वसूलते हैं प्रति व्यक्ति 300 की राशि

शिकायतकर्ताओं की माने तो उक्त ठगी सेंटर में कई तरह से बेरोजगारों से वसूली की जाती है। बेरोजगारों को पहले विज्ञापन के जरिए आकर्षक वेतन प्रदान करने का झांसा देकर लुभाया जाता है और फिर उन्हे विश्वास में लिया जाता है। बेरोजगारों से फिर प्रशिक्षण के नाम पर 300 प्रतिव्यक्ति की राशि वसूली जाती है। कुल मिलाकर बेरोजगारों को ठगने का सिलसिला कई स्तर पर जारी है। बेरोजगार युवक युवती पहले झांसे में आते हैं फिर वह आकर प्रशिक्षण के नाम पर भी ठगे जाते हैं जबकि उन्हे रोजगार प्रदान करने के लिए बुलाया जाता है।

### पैसे का नहीं देते रसीद,बेरोजगारों का बनाते हैं वीडियो जिसमे उन्हे स्वेक्षा से जुड़ने की शपथ दिलाई जाती है...

ठगी का शिकार हुए युवाओं का कहना है की जब वह आकर्षक वेतन देखकर वहां पहुंचते हैं तब उन्हे नेटवर्क मार्केट का सब्जबाग दिखाया जाता है वहीं उनका वीडियो बनाते हैं और उसमे स्वेक्षा से शामिल होने की शपथ दिलाई जाती है।



### उत्पाद के नाम पर देते हैं कपड़ा और वसूलते हैं महंगा शुल्क

बेरोजगारों को पहले आकर्षक वेतन के बहाने लुभाया जाता है फिर जब वह प्रभावित होकर पहुंचते हैं तब उन्हे नेटवर्क मार्केट का सब्जबाग दिखाया जाता है। उन्हे उत्पाद बेचने की बात बताई जाती है और उन्हे एक नेटवर्क बनाने कहा जाता है जिसके अंतर्गत उन्हे एक चैन बनाना होता है अपने नीचे और वह जितना निवेश कर शामिल होते हैं उन्हे उतना ही अन्य से भी निवेश कराना है। अब जो अपने नीचे निवेश करा पाने में असमर्थ होते हैं उन्हे यह कह दिया जाता है की वह असफल हुए और उनका वेतन भुगतान नहीं हो सकता वहीं जो लगातार लोगों को जोड़ता है अन्य को ठगने का काम करता है उसे वेतन प्रदान किया जाता है। जो कपड़ा उत्पाद के नाम पर प्रदान किया जाता है पैसा लेकर वह भी लागत से आधे कीमत या होता है।




### क्या रोजगार के नाम पर ठगी करने वालों के पास रोजगार प्रदान करने का कोई पंजीयन है जिसके कारण पुलिस उन पर कार्यवाही करने से बच रही है?

नवीन जिले में रोजगार प्रदान करने के नाम पर जो ठगी हुई है या जिस ठगी का आरोप लगाया गया है युवक युवती की तरफ से क्या जिस पर या जिस रोजगार प्रदान करने वाली संस्था या व्यक्तियों के ऊपर आरोप लगा है उनके पास रोजगार प्रदान करने का पंजीयन है जिस कारण पुलिस कार्यवाही करने से बच रही है और जिस कारण ही वह खुलेआम जिला मुख्यालय में यह व्यवसाय रोजगार बांटने के नाम पर जारी ठगी का जारी रखे हुए हैं।वैसे शिकायत यदि सही मिलती है और रोजगार प्रदान करने के नाम पर सही मायने में यदि युवाओं बेरोजगारों को ठगा जा रहा है तो यह बड़ी गंभीर स्थिति मानी जायेगी कानून व्यवस्था के नाम पर क्योंकि खुलेआम ऐसा होना ऐसी संस्था का संचालन होना व्यवस्था को चुनौती है।

# पुलिस द्वारा अब तक कुल 903 लोगों के विरुद्ध एमवी एक्ट के तहत की गई कार्यवाही...69 लाख की हुई वसूली

**-संवाददाता-**
**कोरबा,02 जून 2024 (घटती-घटना)।**
पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर बढ़ते यातायात दुर्घटनाओं को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान एवं नेहा वर्मा के पर्यवेक्षण में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना/चौकी को विशेष अभियान चलाकर ज़िले के मुख्य मार्ग,चौक चौराहों पर पेट्रोलिंग किया जा रहा है और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध 185 मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही की जा रही है।

इस अभियान के तहत आज दिनांक तक ज़िले में शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही करते हुए कुल 903 लोगों के विरुद्ध 185 एम वी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। जो पिछले पूरे साल की तुलना में इस साल केवल 3 माह में 300 प्रतिशत अधिक कार्यवाही की गई है।वही अगर पिछले दो साल का आँकड़ा देखे तो 2022 और 2023 को मिलाकर कुल 794 कार्यवाही की गई है जो इस वर्ष मात्र 5 माह में ही उससे अधिक कार्यवाही कर ली गई है। शराब पीकर वाहन चलाने वालो को न्यायलय प्रस्तुत कर प्रत्येक प्रकरण में 10000 सम्मन शुल्क जमा कराया गया है। जिससे अभी तक 69 लाख रुपए शुल्क जमा कराया गया है। शेष में कार्यवाही लंबित है। कोरबा पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा पेट्रोलिंग किया गया, पेट्रोलिंग के दौरान मुख्य चौक चौराहा एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाकर पेट्रोलिंग किया गया गलत तरीके से वाहन चलाने वाले एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से पूरे कोरबा जिले के सभी थाना क्षेत्र में कार्यवाही किया गया, लगातार हो रहे एक्सीडेंट में कमी लाने के लिए यह विशेष अभियान को चलाया गया, अभियान के तहत दो पहिया वाहन, चार पहिया वाहन, पिकअप ट्रक एवं ट्रेलर को चेक किया गया और उन्हें शराब पीकर वाहन न चलाएं और ना ही अपने करीबियों को नशे की हालत में वाहन चलाने दे उनको समझाया गया एवं हिदायत भी दिया गया। पुलिस टीम के द्वारा आगे भी अवैध कारोबार एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर पूर्णतः लगाम लगाने के लिए संगठित अपराधों के खिलाफ लगातार आगे भी कार्यवाही की जावेगी ।



# वन कर्मी के घर साढ़े 7 लाख की चोरी

**-संवाददाता-**
**कोरबा,02 जून 2024 (घटती-घटना)।**
बीते दिनों जिले के सिविल लाइन थाना अंतर्गत वन परिसर कॉलोनी कोसाबाड़ी क्षेत्र में एक वन कर्मी के घर से किसी अज्ञात व्यक्ति ने साढ़े साथ लाख की चोरी कर ली थी । जिसकी सूचना प्रार्थी कमलेश कुमार पिता मोहनलाल कुमार उम्र 35 वर्ष निवासी वन परिसर कॉलोनी कोसाबाडी कोरबा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 28-29.05.24 के दरमियानी रात्रि को मेरे क्वार्टर का ताला तोड़कर घर में रखें नगदी रकम को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गए हैं। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 320/2024 धारा 457,380 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर अति. पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान तथा डीएसपी प्रतीभा मरकाम के कुशल मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी सिविल लाइन रामपुर उप निरीक्षक सुमन पोया एवं सायबर सेल प्रभारी अजय सोनवानी के नेतृत्व में थाना एवं सायबर सेल की एक संयुक्त टीम बनाकर मामले की विवेचना एवं घटनास्थल के आसपास का सीसीटीवी फुटेज को टीम के द्वारा खंगाला गया। पुलिस को सूचना मिली कि देवाशीष राय उस रात प्रार्थी का तबीयत खराब होने पर उसे घर से अस्पताल ले गया था। देवाशीष राय पिता जगदीश राय निवासी पोढीबाहर गणेश चौक थाना सिविल लाइन रामपुर कोरबा से कड़ाई से पूछने पर उसने अपना जुर्म स्वीकार किया एवं चोरी किए रकम को पुलिस ने उसके कब्जे से बरामद किया। आरोपी के विरूद्ध अपराध सबूत का पाये जाने पर आरोपी को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक:20245020700147**

विषय:-ब-121मामलें की श्रेणी :- राजस्व सन्:-2023-2024
अंबिकापुर प.ह.नं.00015(हे0)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-नीलाभ शर्मा
अनावेदक पक्षकार-कोई नहीं

**ज्ञापन**

आवेदक नीलाभ शर्मा आ0 षष्टिका शर्मा निवासी दर्रीपारा ,अंबिकापुर ,तहसील अंबिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा आवेदन पेश कर बताया गया हैं कि आवेदक के स्वत्व एवं अधिपत्य की ग्राम -अंबिकापुर स्थित भूमि खसरा नं0 4388/7 रकबा 0.018 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों में श्रुटिवश आवेदक पिता का नाम षष्टिका प्रसाद शर्मा के स्थान पर द्वारिका प्रसाद शर्मा अंकित हो गया हैं, जबकि आवेदक के पिता का सही नाम षष्टिका प्रसाद शर्मा हैं। आवेदक द्वारा उक्त त्रुटि को सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोदय अंबिकापुर के समक्ष में प्रस्तुत किया गया है,जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ हैं।
अतः आपको निर्देशित किया जाता हैं कि उक्त संबंध में जाँचकर प्रतिवेदन मय पंचनामा सहित सुनवाई दिनांक 14/06/2024 के पुर्व प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।
यह ज्ञापन मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/05/2024 को जारी किया जाता हैं।

सील
तहसीलदार
तहसील अंबिकापुर

# कोतवाली पुलिस ने लूट के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटे गए रकम को किया बरामद

**-संवाददाता-**
**कोरबा,02 जून 2024 (घटती-घटना)।**
जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में हुए लूट के वारदात को कोतवाली पुलिस ने सुलझा लिया है । मामले का विवरण इस प्रकार है की प्रार्थी गोविन्द पिता रमदमन सिंह उम्र 35 सा0धुमाडोल थाना कुसमी जिला सिधी म0प्र0 थाना उपस्थित आकर रिर्पोट दर्ज कराया कि दिनांक 29.05.24 को एसकेएस प्लांट रायगढ से कोयला खाली कर वापस गेवरा ट्रेलर वाहन से लौट रहा था कि सुबह 04.15 बजे करीब रेल्वे फाटक मानिकपुर कोरबा के पास पहुंचा था । फाटक बंद होने से गाडी को खडा कर फाटक खुलने का इंतजार कर रहा था कि चार अज्ञात युवक जो सभी अपने चेहरे को काला लाल गुलाबी एवं सफेद रंग के गमछा से बांधे थे। प्रार्थी के वाहन में अचानक चढ़कर प्रार्थी के साथ धक्का मुक्की मारपीट करते हुये प्रार्थी को गाडी से गिराकर प्रार्थी को घसीटते हुये प्रार्थी के पर्स में रखे वेतन का पैसा 31000 रू नकद तथा ड्रायविंग लायसेंस एवं आधार कार्ड को लूट कर ले गए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 306/2024 धारा 394 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया । मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर अति. पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान तथा डीएसपी प्रतीभा मरकाम के कुशल मार्गदर्शन तथा कोतवाली थाना प्रभारी एमबी पटले के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस के द्वारा मामले की विवेचना की जा रही थी की पुलिस को मुखबिर कि सूचना पर आरोपीगण 01. विशाल केंवट पिता दिलीप केंवट उम्र 22 साल सा0 सीतामणी कोरबा थाना कोतवाली कोरबा 02. अरूण श्रीवास पिता हरिकृष्ण श्रीवास उम्र 18 साल सा0 शनि मंदिर के नीचे सीतामणी कोरबा थाना कोतवाली कोरबा 03.जीत अग्रवाल उर्फ जीतू पिता श्याम सुदर अग्रवाल उम्र 20 साल सा0 सीतामणी कोरबा थाना कोतवाली कोरबा 04. आशिफ कुरैशी उर्फ भोको पिता रहीस कुरैशी उम्र 19 साल सा0 इमलीडुग्गु कोरबा थाना कोतवाली कोरबा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपने मेमोरण्डम कथन पर अपने अन्य साथियों अमन साहू, विजय डे, आकाश के साथ मिलकर जुर्म करना स्वीकार करने से आरोपीयो के कब्जे से लूटा गया रकम व गमछा पृथक पृथक जप्त किया गया है। मामले में आरोपीयो कि संख्या 05 से अधिक होने से मामले में धारा 395 भादवि जोड़ी गयी। आरोपीयो के विरूद्ध अपराध सबूत का पाये जाने पर आरोपिगणों को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। मामले में फरार आरोपियों की पता तलाश की जा रही है जिन्हें पुलिस के द्वारा जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।



**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक:, 202405020700090**

विषय:-ब-121 मामले की श्रेणी:- राजस्व सन्:-2023-24
बकमेर प.ह.नं.00032(हे.)
पक्षकारों का विवरण:-
आवेदक पक्षकार-अरूण कुमार,
अनावेदक पक्षकार-छ0ग0शासंन,

**ईश्तहार**

आवेदक अरूण कुमार आ0स्व0 आयोध्या प्रसाद निवासी देवीगंज रोड अंबिकापुर तहसील अंबिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम बकमेर स्थित कुल खसरा नं010 कुल रकबा 3.654 हे0 भूमि के द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका हेतु आवेदन पेश किया गया हैं। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 12/06/2024 के पुर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।समय सीमा के बाद प्राप्त दावाआपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/05/2024को जारी किया जाता हैं।

सील
तहसीलदार
तहसील अंबिकापुर

CMYK

# संक्षिप्त खेल समाचार

## वॉर्म-अप मैच में पंत-हार्दिक का फॉर्म भारत के लिए अच्छे संकेत



**डैलस, 02 जून 2024 ।** टी 20 विश्व कप से पहले वॉर्म-अप मैच में हार्दिक पांड्या और ऋषभ पंत के अंदाज ने टीम इंडिया को बड़ा कॉन्फिडेंस दिया है। दोनों ही खिलाड़ियों ने बांग्लादेश के खिलाफ अपने पुराने अंदाज में परफॉर्म किया। इसके दम पर भारतीय टीम ने अपने इकलौते वॉर्मअप मैच में बांग्लादेश को 62 रन से हराया।भारत के लिए मैच के हीरो रहे हार्दिक पांड्या और ऋषभ पंत ने बांग्लादेशी गेंदबाजों की खूब धुनाई की। नसाउ इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारत ने ऋषभ पंत (53 रन) और हार्दिक पांड्या (40 रन) के दम पर 183 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में बांग्लादेश 20 ओवर में 9 विकेट पर 120 रन ही बना सकी। बल्लेबाजी और गेंदबाजी, दोनों डिपार्टमेंट में भारत का प्रदर्शन टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले अच्छे संकेत हैं।

## गौतम अदाणी ने नॉर्वे शतरंज में इतिहास रचने पर प्रग्नानंदा को दी बधाई

**नई दिल्ली,02 जून 2024 ।** भारत के स्टार शतरंज खिलाड़ी आर. प्रग्नानंदा ने नॉर्वे शतरंज में इतिहास रच दिया है। देश में इस खुशी के मौके पर अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने भी प्रग्नानंदा के लिए एक खास पोस्ट शेयर किया है।गौतम अदाणी ने रविवार को 18 वर्षीय आर. प्रग्नानंदा की सराहना की और उन्हें 2024 नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में क्लासिकल शतरंज में विश्व नंबर 1 मैग्नस कार्लसन और नंबर 2 फैबियानो कारुआना के खिलाफ जीत के लिए बधाई दी। भारतीय ग्रैंडमास्टर ने नॉर्वे के स्टावेंजर में शतरंज प्रतियोगिता में राउंड-3 में पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन को हराने के बाद राउंड-5 में कारुआना को हराया। भारतीय स्टार ग्रैंडमास्टर ने अब एक ही टूर्नामेंट में वर्ल्ड टॉप-2 को हराकर एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया है।गौतम अदाणी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, अविश्वसनीय प्रग्नानंदा! नॉर्वे शतरंज में क्लासिकल शतरंज में विश्व के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन और नंबर 2 फैबियानो कारुआना को हराना अद्भुत है। आप शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और अभी सिर्फ 18 साल के हैं!..तिरंगा को ऊंचा फहराते रहिए.. ढेर सारी शुभकामनाएं।



# कनाडा के खिलाफ टी 20 विश्व कप मुकाबले में अमेरिका का पलड़ा होगा भारी

**डैलस, 02 जून 2024 ।** अमेरिका और कनाडा के बीच होने वाले टी20 विश्व कप मुकाबले में हाल में आईसीसी की पूर्ण सदस्य बांग्लादेश को हराने वाली मेजबान टीम जीत की दावेदार होगी। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार दो जून को सुबह छह बजे होगा। आस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज स्टुअर्ट लॉ अमेरिका के कोच हैं। टी20 विश्व कप में पदार्पण करने वाली टीम कुछ हैरानी भरे नतीजे हासिल कर सकती है। अमेरिका ने टूर्नामेंट की तैयारियों में पूर्ण सदस्य बांग्लादेश को 2-1 से हराकर साबित कर दिया कि उसे कमजोर नहीं आंका जा सकता। हाल में अमेरिका ने कनाडा को 4-0 से हराया था। न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी और 2015 विश्व कप फाइनल खेलने वाले कोरी एंडरसन भी टीम में हैं जिसकी अगुआई विकेटकीपर बल्लेबाज मोनांक पटेल करेंगे। गुजरात के आणंद में जन्मे मोनांक आयु स्तर के क्रिकेट में अपनी घरेलू टीम के लिए खेले थे जिसके बाद वह 2016 में अमेरिका में बस गये। वह 2018 विश्व टी20 अमेरिका क्वालीफायर में छह पारियों में 208 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे थे और 2019 में उन्होंने अपना टी20 अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था। टीम में मुंबई के पूर्व और राजस्थान रॉयल्स के बायें हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह और दिल्ली के पूर्व और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बल्लेबाज मिलिंद कुमार भी शामिल हैं। उनकी टीम में सौरभ नेत्रावलकर भी शामिल हैं जो अमेरिका के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं। बल्लेबाजी आल राउंडर नितीश कुमार ने 2012 से 2019 तक कनाडा के लिए 18 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले, लेकिन अब वह अमेरिकी जर्सी में दिखायी देंगे। उन्होंने इस साल अप्रैल में कनाडा के खिलाफ अमेरिका की ओर से टी20 अंतरराष्ट्रीय पर्दापण किया। कनाडा के पास स्पिनर साद बिन जफर का अपार अनुभव है।





# मुक्केबाज अमित पंघाल ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलीफाई किया

**बैंकॉक, 02 जून 2024 ।** विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल ने रविवार को यहां दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन मुक्केबाजी टूर्नामेंट के 51 किग्रा भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में चीन के चुआंग लियू को हराकर पेरिस ओलंपिक में अपनी जगह पक्की की। पंघाल ने एक कड़े मुकाबले में लियू को 5-0 से हराकर दूसरी बार ओलंपिक के लिए टिकट कटाया। वह ओलंपिक में जगह बनाने वाले भारत के पांचवें मुक्केबाज हैं। उनसे पहले निशांत देव (71 किग्रा),निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। पंघाल को पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने का केवल एक मौका मिला क्योंकि वह इससे पहले की दो क्वालीफाइंग प्रतियोगिताओं के लिए ट्रायल्स में विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया से हार गए थे। एशियाई खेल 2018 के चैंपियन पंघाल ने हालांकि इस मौके का पूरा फायदा उठाया। भारत के दो अन्य मुक्केबाज जैस्मीन लेम्बोरिया (57 किग्रा) और सचिन सिवाच (57 किग्रा) भी ओलंपिक कोटा हासिल करने की दौड़ में हैं।




# चैंपियंस लीग खिताब जीतने के बाद फ्लोरेंटिनो पेरेज ने कहा,हमें 16वीं ट्रॉफी भी चाहिए



**नई दिल्ली,02 जून 2024 ।** रियल मैड्रिड ने डॉर्टमुंड पर 2-0 की जीत के साथ टीम को रिकॉर्ड 15वीं यूईएफए चैंपियंस लीग ट्रॉफी दिलाई। रियल मैड्रिड अध्यक्ष फ्लोरेंटिनो पेरेज़ ने फ़ाइनल जीतने के बाद दावा किया कि क्लब पहले से ही अगले खिताब पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

फ्लोरेंटिनो पेरेज़ ने पत्रकारों से कहा, मुझे लगता है कि हम पहले से ही अगले खिताब पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हम 16 वां खिताब जीतना चाहते हैं।

रियल मैड्रिड की 15 वीं यूरोपीय उपलब्धि तक की यात्रा बेहद रोमांचक रही। मैड्रिड को फाइनल तक पहुंचने के लिए कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जहां उसे आरबी लीपजिग़, गत विजेता मैनचेस्टर सिटी और एफसी बायर्न म्यूनिख को हराना था।

रियल मैड्रिड के लिए पहला गोल डानी कार्वाहाल ने 74 वें मिनट में किया। इसके बाद डॉर्टमुंड ने भी अटैक शुरू किया लेकिन इसका उन्हें लाभ नहीं मिला।


मैच के 83 वें मिनट में विनिसियस जूनियर ने रियल मैड्रिड की बढ़त डबल कर दी। इस तरह रियल मैड्रिड ने 15 वीं बार यूईएफए चैंपियंस लीग का खिताब अपने नाम किया। रियल मैड्रिड के अध्यक्ष ने कहा, विनी जूनियर को बैलन डीओर जीतना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं है।

टोनी क्रूस के लॉस ब्लैंकोस के लिए अपना आखिरी मैच खेलने के बाद, सभी का ध्यान लुका मोड्रिक की ओर है। बताया जा रहा है कि क्रोएशियाई खिलाड़ी ने क्लब के साथ एक साल के विस्तार के लिए समझौता कर लिया है, जिसकी पुष्टि पेरेज़ ने की है।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि लुका मोड्रिक हमारे साथ बने रहेंगे, वह एक और सीजन टीम में शामिल रहेंगे।

# सबालेंका,रिबाकिना की संघर्षपूर्ण जीत

### 17 वर्षीय मीरा एंड्रीवा चौथे दौर में



**पेरिस,02 जून 2024 ।** दूसरी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका, चौथी सीड एलेना रिबाकिना और उभरती खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने महिला एकल में तीसरे दौर के मुकाबलों में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज कर वर्ष के दूसरे ग्रैंड स्लैम फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में प्रवेश कर लिया। टूर्नामेंट में एक और दिन बारिश से बाधा पड़ी जबकि सबालेंका और रिबाकिना ने शुरूआती ब्रेक से उबरते हुए दूसरे सप्ताह में जगह बना ली। सबालेंका ने 3-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए पाउला बडोसा को 77 मिनट में 7-5, 6-1 से हरा दिया। इससे पहले रिबाकिना ने 25वीं सीड एलिस मर्टेंस को 67 मिनट में 6-4, 6-2 से पराजित किया। सबालेंका पिछले वर्ष सेमीफाइनल तक पहुंची थी और इस बार भी वह दूसरे सप्ताह में पहुंच गयी हैं और लगातार सातवें ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल स्थान से दो मैच दूर हैं। रौलां गैरो में 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन के फाइनल मैच में सेरेना विलियम्स को हराकर रिबाकिना 2021 में पेरिस में अपने पहले ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंची थीं। हालाँकि, वह 2022 के तीसरे दौर में कीज़ से हार गईं और बीमारी के कारण सारा सोरिब्स टॉर्मो के खिलाफ 2023 के तीसरे दौर से पहले ही हट गईं। मीरा एंड्रीवा और पीटन स्टर्न्स ने अपने निर्धारित मैच को कोर्ट 6 से कोर्ट 7 और अंततः कोर्ट 2 में स्थानांतरित होते देखा। एक महत्वपूर्ण मैच खेलने के लिए पूरे दिन इंतजार किया। 17 वर्षीय एंड्रीवा स्टर्न्स को 6-2, 6-1 से 67 मिनट में हराकर चौथे दौर में पहुंच गयीं। एंड्रीवा किसी भी ड्रा में आने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं और स्टर्न्स से लगभग पांच साल छोटी हैं। एंड्रीवा ने लगभग स्टर्न्स (51) जितने ही डब्ल्यूटीए टूर-स्तरीय मैच (43) खेले हैं।

# विरोधी टीम पर ध्यान देने के बजाय अपनी क्षमता से खेले भारतीय टीम



**न्यूयॉर्क,02 जून 2024 ।** अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर रहे युवराज सिंह का मानना है कि भारतीय टीम में कौशल और आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं है और अगर वह टी 20 विश्व कप में विरोधी टीम पर ध्यान देने के बजाय अपनी क्षमता के साथ खेले तो वह आईसीसी ट्रॉफी जीतने का लंबा इंतजार खत्म कर सकती है। भारत ने अपना अंतिम आईसीसी टूर्नामेंट 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में जीता था। इससे दो साल पहले युवराज के शानदार प्रदर्शन से भारत ने वनडे विश्व कप जीता था।

# विजय सेतुपति की सस्पेंस-थ्रिलर महाराजा का ट्रेलर रिलीज

### अभिनेता का दिखेगा खूंखार रूप


साउथ के पॉपुलर एक्टर विजय सेतुपति कई सालों से इंडस्ट्री में छाए हुए हैं। फिल्म महाराजा उनके करियर की 50 वीं फिल्म है और इस बार आपको उनके करियर की जबरदस्त फिल्म देखने को मिलेगी। फिल्म महाराजा का ट्रेलर रिलीज हुआ है जिसमें उनका बहुत ही अलग कैरेक्टर देखने को मिलेगा। इस फिल्म में अनुराग कश्यप विलेन के रूप में नजर आएंगे और ट्रेलर में उनकी झलक भी दिखाई गई है। विजय सेतुपति ने फिल्म महाराजा का पोस्टर शेयर करते हुए दिखाया था कि उनका रूप कितना खूंखार हो सकता है। अब ट्रेलर देखकर आप समझ ही जाएंगे कि विजय किसी मिशन पर निकले हैं और उन्हें कितनी परेशानियों का सामने करना पड़ता है। फिल्म महाराजा का ट्रेलर तेलुगू भाषा में रिलीज किया गया है। अपनी 50 वीं फिल्म में विजय सेतुपति ने जो पोस्टर शेयर किया था उसमें वो खून से लतपथ नजर आए। इसे देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि ये फिल्म एक्शन और सस्पेंस से भरपूर होने वाली है। पोस्टर्स सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुए और इसके बाद से ट्रेलर का इंतजार होने लगा.फिल्म का निर्देशन निथिलन समिनाथन ने किया है और इस फिल्म की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है। निथिलन समिनाथन साउथ के पसंदीदा निर्देशक हैं जिन्होंने कई सुपरहिट फिल्में बनाई हैं। पहले देखें फिल्म का ट्रेलर-ट्रेलर में आप देख सकते हैं कि विजय सेतुपति पुलिस से कुछ कहने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन कोई उनकी बात समझ नहीं पा रहा है. ऐसा आधे ट्रेलर में दिखाया गया लेकिन उतनी देर में आप समझ जाएंगे कि कुछ सस्पेंस तो फिल्म में है जो काफी तगड़ा होने वाला है। वहीं ट्रेलर के अंत में अनुराग कश्यप को दिखाया गया जो विलेन के तौर पर नजर आए। फिल्म महाराजा का ट्रेलर तेलुगू भाषा में लेकिन उम्मीद है कि ये हिंदी में भी रिलीज की जा सकती है। फिल्म की रिलीज अभी सामने नहीं आई है, ट्रेलर में कमिंग सून लिखकर आया है तो इससे जुड़ी और अपडेट के लिए आपको थोड़ा इंतजार करना होगा।



# अनुराग कश्यप की वेब सीरीज बैड कॉप का टीजर जारी

### डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी सीरीज

अनुराग कश्यप की गैंग्स ऑफ वासेपुर हो या फिर बॉम्बे वेलवेट हर फिल्म की कहानी दिलचस्प होती है. लेकिन अनुराग जब भी कैमरे के सामने आते हैं तो कुछ गजब ही करते हैं. बीते दिन उन्होंने बैड इमेज को लेकर एक पोस्ट शेयर की थी, जिसके बाद फैंस कन्फ्यूज थे.अब अनुराग कश्यप कन्फ्यूजन दूर करते हुए इस बार फिर गजब कहानी के साथ हाजिर हुए हैं और इसका नाम है बैड कॉप'. अनुराग कश्यप ने इस सीरीज का टीजर रिलीज किया है, जिसमें वह खुद कजबे नाम के एक खतरनाक विलेन के किरदार में नजर आ रहे हैं. तो चलिए देखते हैं कि टीजर में क्या है. टीजर की बात करें तो यह एक क्राइम थ्रिलर सीरीज लग रही है. 47 सेकेण्ड के टीजर में अनुराग कश्यप ने कजबे के किरदार में महफिल लूट ली है. इसमें अनुराग कश्यप एक गुंडे के किरदार में हैं.वह अपने आदमियों के सामने एक शख्स का मजाक बनाने के लिए उसे बच्चों की एबीसीडी वाला गाना सुनाने के लिए मजबूर करता है. वह जब खिड़की से बाहर देखता है तो उस आदमी को के से शुरू होने वाले शब्द बताने के लिए पूछता है, क्योंकि वह अपना नाम कजबे सुनना चाहता है. इसके बाद बैड कॉप में एंट्री होती है गुलशन देवैया की. वह सीरीज में पुलिस वाले के किरदार में हैं और काजबे का पीछा कर रहे हैं. टीजर से समझ में आता है कि गुलशन देवैया का इसमें डबल रोल हो सकता है.डिज्नी प्लस हॉटस्टार ने इस वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, क से कजबे. क से कमीना. क से कमिंग सून! बैड कॉप डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी. अनुराग कश्यप की सीरीज का टीजर जितना दिलचस्प है उतना ही खतरनाक भी है. बता दें कि प्रोडक्शन हाउस फ्रेमेंटल इंडिया के लिए बैड कॉप फिक्शन सीरीज की शुरुआत है. इस सीरीज का निर्देशन निर्देशक रेंसिल डीसिल्वा ने किया है. इसकी रिलीज डेट की आभी तक कोई घोषणा नहीं हुई है.अनुराग कश्यप के फ्रंट कैमरा वर्किंग की बात करें तो वह देव डी, गुलाल, शागिर्द, गैंग, ब्लैक फ्राइडे, अकीरा जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं.



# रवीना टंडन ने नशे में बुजुर्ग महिला से की मारपीट?

### वायरल हो रहे वीडियो की क्या है सच्चाई



बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन शनिवार रात को हुई एक घटना के बाद विवादों में घिरी हुई नजर आ रही हैं। दरअसल,अभिनेत्री के ड्राइवर पर मुंबई में लापरवाही से गाड़ी चलाने का आरोप लगा है, जिसकी वजह से सोशल मीडिया पर रवीना की जमकर आलोचना हो रही है। इतना ही नहीं इस दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो में, अभिनेत्री भीड़ से खुद को बचाती नजर आ रही हैं। इतना ही नहीं अभिनेत्री को लोगों से मारपीट न करने की गुहार लगाते हुए भी सुना जा सकता है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही वीडियो भीड़ में मौजूद एक व्यक्ति द्वारा रिकॉर्ड की गयी है। वीडियो में, एक महिला अभिनेत्री पर उसपर हमला करने का आरोप लगाती नजर आ रही है। पीड़िता को तुम्हें जेल में रात बितानी पड़ेगी, मेरी नाक से खून बह रहा है कहते सुना जा सकता है। मोहम्मद नाम के एक व्यक्ति ने कथित पीड़ितों की पहचान अपनी माँ,बहन और भतीजी के रूप में की है। बता दें, अभिनेत्री और उनके ड्राइवर पर एक बुजुर्ग महिला सहित तीन महिलाओं पर हमला करने का आरोप लगा है।मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रवीना के साथ हुई ये घटना मुंबई के कार्टर रोड पर रिजवी कॉलेज के पास की है। पीड़ितों में से एक ने दावा किया है कि रवीना अपने ड्राइवर का बचाव करने के लिए नशे की हालत में कार से बाहर आई और एक बुजुर्ग महिला सहित तीन महिलाओं उन्होंने हमला किया। हालांकि, बताया जा रहा है कि अभिनेत्री की कार से किसी को कोई चोट नहीं लगी।

# संजय दत्त ने मां नरगिस की 95 वीं जयंती पर तस्वीर शेयर की

### भावुक पोस्ट लिखा- मुझे उम्मीद है कि मैंने आपको गौरवान्वित किया है...


नरगिस दत्त का जन्म 1 जून,1929 को हुआ था। शनिवार को अपनी मां की जयंती पर, अभिनेता संजय दत्त ने मदर इंडिया अभिनेता के लिए अपने प्यार को व्यक्त करते हुए एक भावुक पोस्ट पोस्ट किया। संजय ने दिवंगत अभिनेता की दो ब्लैक-एंड-व्हाइट तस्वीरें भी साझा कीं।

### नरगिस के लिए संजय दत्त का भावुक पोस्ट

उन्होंने अपने कैप्शन में लिखा जन्मदिन मुबारक माँ, मैं आपको हर दिन, हर मिनट, हर सेकंड याद करता हूँ। काश आप मेरे साथ होतीं, और वह जीवन जीतीं जो आप चाहती थीं, और मुझे उम्मीद है कि मैंने आपको गौरवान्वित किया है, आपसे प्यार करता हूँ और आपको याद करता हूँ, माँ। पहली तस्वीर में युवा संजय अपनी माँ के साथ मुस्कुराते हुए दिखाई दिए, जब वे एक समूह तस्वीर के लिए साथ में पोज दे रहे थे। दूसरी तस्वीर दिवंगत अभिनेता की उनकी किसी फिल्म से ली गई एकल तस्वीर थी।

### नरगिस का जीवन और करियर

1957 में उनकी फिल्म मदर इंडिया के सेट पर आग लगने के बाद नरगिस और अभिनेता सुनील दत्त एक-दूसरे के प्यार में पड़ गए और कथित तौर पर सुनील दत्त ने उन्हें बचाया। कहा जाता है कि चोटों से उबरने के दौरान वे करीब आए। इस जोड़े ने 11 मार्च, 1958 को शादी कर ली। सुनील से शादी के बाद नरगिस ने हमेशा के लिए फिल्में छोड़ दीं।नरगिस ने पांच साल की उम्र में तलाश-ए-हक (1935) में एक छोटी भूमिका में बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की, लेकिन उनके अभिनय करियर की शुरुआत वास्तव में फिल्म तमन्ना (1942) से हुई। उनकी आखिरी ऑन-स्क्रीन उपस्थिति मनोवैज्ञानिक थ्रिलर, रात और दिन में थी। उनकी सबसे प्रसिद्ध भूमिका अकादमी पुरस्कार-नामांकित मदर इंडिया (1957) में राधा की थी, जिसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला।



### राजनीति और उससे परे

अपने पति के साथ, नरगिस ने अजंता कला संस्कृति मंडली का गठन किया, जिसने उस समय के कई प्रमुख अभिनेताओं और गायकों को काम पर रखा और सीमावर्ती क्षेत्रों में स्टेज शो आयोजित किए। 1970 के दशक की शुरुआत में, नरगिस स्पास्टिक सोसाइटी ऑफ इंडिया की पहली संरक्षक बनीं और संगठन के साथ उनके बाद के काम ने उन्हें एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में पहचान दिलाई और बाद में 1980 में उन्हें राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया।

नरगिस दूसरी अभिनेत्री थीं, पहले पृथ्वीराज कपूर को मनोनीत किया गया था। उन्होंने दो साल, 1980 और 1981 तक राज्यसभा में काम किया। उन्हें 1958 में पद्म श्री से भी सम्मानित किया गया। 3 मई, 1981 को अग्नाशय के कैंसर के कारण नरगिस की मृत्यु हो गई। वह 51 वर्ष की थीं।

# अभिनय ही नहीं राजनीति में नीतीश भारद्वाज ने बनाई अपनी पहचान



आज यानी की 02 जून को टीवी शो महाभारत में भगवान कृष्ण का किरदार घर-घर में फेमस हुए नीतीश भारद्वाज अपना 61वां जन्मदिन मनाया। बता दें कि नीतीश ने श्रीकृष्ण का रोल इतनी शिद्दत से अदा किया कि लोग उनको श्रद्धाभाव के साथ देखने लगे। तो कुछ लोग उनको सच में श्रीकृष्ण मानने लगे।

बता दें कि खास बात यह है कि नीतीश भारद्वाज का जन्म भी उसी रोहिणी नक्षत्र में हुआ, जिस में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। नीतीश ने सिर्फ अभिनय ही नहीं बल्कि राजनीति में भी अपना नाम बनाया है। तो आइए जानते हैं उनके जन्मदिन के मौके पर नीतीश भार्वाज के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

### जन्म और शिक्षा

महाराष्ट्र के मुंबई में 02 जून 1963 को नीतीश भारद्वाज का जन्म हुआ था। उन्होंने अपनी पढ़ाई-लिखाई पूरी करने के बाद बतौर वेटरनरी सर्जन अपने करियर की शुरूआत की थी। लेकिन इस नौकरी में उनका मन नहीं लगता था। वहीं उन्होंने साल 1991 में मोनिषा पाटिल से शादी की। लेकिन यह शादी साल 2005 में खत्म हो गई। जिसके बाद नीतीश ने साल 2009 में स्मिता से विवाह किया। नीतीष अभिनय की दुनिया में अपना नाम बनाना चाहते थे, इसके लिए उन्होंने मराठी थिएटर करना शुरू कर दिया।

### महाभारत में श्रीकृष्ण का रोल

थिएटर करने के दौरान ही नीतीश की किस्मत का सितारा चमकना शुरू हो गया था। इसी दौरान उनको बीआर चोपड़ा की महाभारत में श्रीकृष्ण का रोल निभाने का मौका मिला। जिसके बाद नीतीश घर-घर में भगवान श्रीकृष्ण के तौर पर फेमस हुए। वहीं खुद नीतीश भारद्वाज भी खुद को इस रोल के लिए भाग्यशाली मानते हैं।

आपको बता दें कि महाभारत में काम करने के बाद नीतीश का जादू कुछ इस कदर चला कि जब भी श्रीकृष्ण के रोल के लिए अभिनेता की जरूरत होती, तो जहन में सबसे पहले नीतीश का नाम आता। अभिनेता को कई बार श्रीकृष्ण का रोल निभाने का मौका मिला। नीतीश भारद्वाज ने मन में है विश्वास, गीता रहस्य श्री कृष्ण और विष्णु पुराण आदि सीरियल में श्रीकृष्ण का रोल निभाया है।

### फिल्में

टीवी इंडस्ट्री के अलावा नीतीश भारद्वाज ने बड़े परदे पर भी अपने अभिनय की छाप छोड़ी है। अभिनेता ने कई मराठी फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाई है। इसके अलावा अभिनेता ने मलयालम सिनेमा में भी काम किया है। वहीं अगर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की बात करें तो नीतीश ने फिल्म केदारनाथ और मोहनजोदारो में भी अभिनय किया है।

# सुकमा में 8 माओवादियों ने किया सरेंडर

» 4 इनामी नक्सली भी शामिल...

» मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने जताई खुशी

**सुकमा,02 जून 2024** सरकार की पूना नर्कोम अभियान यानि नई सुबह, नई शुरुआत से प्रभावित होकर चार इनामी नक्सलियों समेत आठ माओवादियों ने सुरक्षबलों के सामने आत्म समर्पण कर दिया। नक्सलियों के लगातार समर्पण करने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ख़ुशी का इजहार किया है।



### नक्सलियों से लगातार की जा रही है अपील

बस्तर में फोर्स और सरकार की ओर से अपील की जा रही है। सरकार की कोशिश है कि नक्सली हथियार छोड़ सरेंडर कर आम लोगों की तरह जिंदगी बिताएं। सरकार की अपील का अब असर दिखाई देने लगा है। नई सरकार बनने के बाद से बड़ी संख्या में माओवादी हथियार छोड़ सरेंडर कर रहे हैं।

सुकमा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने कहा कि नक्सल प्रभावित इलाकों में सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। सरकार की योजनाओं से प्रभावित होकर लगातार माओवादी आत्मसमर्पण कर रहे हैं। रविवार को भी 8 माओवादियों ने नक्सल ऑपरेशन कार्यालय में सीआरपीएफ के सामने सरेंडर किया है।

### समर्पण करने वाले नक्सलियों के नाम

आतंक का रास्ता छोड़ने वाले नक्सलियों में वेट्टी मासे शामिल है, जिस पर 2 लाख का इनाम पुलिस ने रखा था। सागर उर्फ देवा पर भी 1 लाख का इनाम पुलिस ने रखा था। देवा ने भी आज हथियार डाल दिए। हथियार डालने वालों में सोढ़ी तुलसी जिसपर एक लाख का इनाम था, पोडियम नंदे, वेट्टी सुक्का, वेट्टी हड़मा, कवासी देवा, कमलू सिंगा शामिल हैं। सरेंडर करने वाले सभी नक्सली सुकमा जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों के रहने वाले हैं। सभी नक्सली सालों से पुलिस पार्टी की रेकी करने और नक्सली बैनर पोस्टर लगाने के काम माहिर हैं। इनपर ग्रामीणों से लेवी वसूलने का भी आरोप है।

### मुख्यमंत्री ने एक्स पर किया ये पोस्ट

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सुकमा में नक्सलियों द्वारा किये गए समर्पण को लेकर एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा है कि सुकमा जिले में सक्रिय 4 ईनामी नक्सलियों सहित 8 नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण किए जाने की सुखद खबर प्राप्त हुई। हमारी सरकार की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति एवं नियद नेल्लानार योजना से प्रभावित होकर नक्सली बंदूक छोड़कर समाज की मुख्य धारा में लौट रहे हैं,जिनके पुनरुत्थान के लिए हमारी सरकार तत्पर है।

सुकमा जिले में सक्रिय 4 ईनामी नक्सलियों सहित 8 नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण किए जाने की सुखद खबर प्राप्त हुई।

## नक्सलियों के लगाए प्रेशर आईईडी में हुआ विस्फोट

**बीजापुर,02 जून 2024 (ए)।** बस्तर में फोर्स को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों ने जगह-जगह ढ्श्वष्ठ लगा रखी है, इसका नुकसान यहां के भोले-भाले ग्रामीणों को उठाना पड़ रहा है। आज सुबह बीजापुर जिले में लगभग 9-10 के बीच प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से ग्राम छुटवाई का एक ग्रामीण बुरी तरह घायल हुआ है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक तर्रेम थाना क्षेत्र में छुटवाई,स्कूलपारा में रहने वाला युवक माड़वी नंदा पिता भीमा माड़वी, उम्र 22 रविवार की सुबह अपने निजी ट्रेक्टर से काम के लिए तर्रेम की ओर जा रहा था। इस दौरान छुटवाई व गुंडम के बीच तोयानाला के पास उसने ट्रेक्टर रोक कर शौच के लिए सड़क किनारे गया, जहां नक्सलियों के द्वारा लगाये गये प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से ग्रामीण युवक नंदा का दाहिना पैर बुरी तरह से जख्मी हो गया। वहीं युवक के बाएं पैर में भी चोट आई है। युवक के घायल होने की सूचना पर जवान यहां पहुंचे और सीआरपीएफ के फील्ड अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र के तोयानाला के पास की यह घटना है, जिसकी पुष्टि एसपी डॉ जितेंद्र यादव ने की है। कार्य चल रहा है,जहां जवानों के द्वारा सुरक्षा प्रदान की जा रही है। नक्सलियों के द्वारा जवानों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से यह आईईडी लगाया गया था। फ़िलहाल इलाके में सर्चिंग बढ़ा दी गई है और नक्सलियों द्वारा लगाए गए बारूदी विस्फोटकों का पता लगाया जा रहा है।



### ईनामी नक्सली गढ़चिरौली पुलिस की गिरफ्त में

**राजनांदगांव,02 जून 2024** महाराष्ट्र की गढ़चिरौली पुलिस ने नक्सल मोर्चे में कार्रवाई करते हुए डेढ़ लाख के एक ईनामी नक्सली को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आया नक्सली मूलतः छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले का रहने वाला है। उस पर गढ़चिरौली जिले में कई आपराधिक मामलों में शामिल होने का आरोप है, वहीं कई थानों में उसके विरूद्ध नामजद आपराधिक प्रकरण दर्ज है। पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी।पुलिस के मुताबिक पेरमिली जंगल में गश्त कर रही फोर्स को एक संदिग्ध व्यक्ति नजर आया, जिसे पकड़कर पूछताछ में इस व्यक्ति की पहचान सोमा उर्फ दिनेश मासा के रूप में हुई।



### सरकार नक्सलियों के पुनरुत्थान के लिए तत्पर

**रायपुर,02 जून 2024(ए)।** सीएम विष्णुदेव साय 8 नक्सलियों के आत्मसमर्पण पर हर्ष जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि सुकमा जिले में सक्रिय 4 इनामी नक्सलियों सहित 8 नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण किए जाने की सुखद खबर प्राप्त हुई। हमारी सरकार की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति एवं नियद नेल्लानार योजना से प्रभावित होकर नक्सली बंदूक छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौट रहे हैं, जिनके पुनरुत्थान के लिए हमारी सरकार तत्पर है।

## मतगणना के दिन लोकसभा क्षेत्रों में लगेगी मंत्रियों की ड्यूटी,बीजेपी ने दिए निर्देश

**रायपुर,02 जून 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतदान खत्म हो चुका है। पूरे देश में 7 चरणों में मतदान कराए गए जिसमें जनता ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं, अब एग्जिट पोल भी सामने आ चुके हैं,जिसमें एनडीए गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिलते हुए दिखाई दे रहा है। हालांकि ये स्पष्ट नहीं है कि एनडीए गठबंधन ने अपने 400 पार के लक्ष्य को हासिल करेगी या नहीं। अब जनता को इंतजार है तो सिर्फ चुनाव के परिणाम का, जो 4 जून को सामने आएंगे। वहीं, मतगणना के दिन के लिए छत्तीसगढ़ में भाजपा ने विशेष तैयारी शुरू कर दी है। भाजपा ने मंत्रियों को मतगणना के दिन के लिए अलग-अलग लोकसभा क्षेत्रों का प्रभार सौंपा है।मिली जानकारी के अनुसार भाजपा ने डिप्टी सीएम विजय शर्मा को मिला राजनांदगांव का प्रभार, बिलासपुर लोकसभा की कमान डिप्टी सीएमअरुण साव को,मंत्री रामविचार नेताम को सरगुजा, मंत्री केदार कश्यप को बस्तर, मंत्री टंकराम वर्मा को दुर्ग, रायगढ़ में मंत्री ओपी चौधरी और रायपुर लोकसभा क्षेत्र में सांसद सुनील सोनी नजर रखेंगे। बता दें कि 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे जारी किए जाएंगे। बात राजधानी रायपुर की करें तो यहां सेजबहार इंजीनियरिंग कॉलेज में मतगणना होगी। मतों की गिनजी सुबह 8 बजे से ही शुरू हो जाएगी। सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती होगी और फिर सुबह 8.30 बजे ईव्हीएम की गिनती की जाएगी। मतगणना के दिन सुबह 5 बजे होगा टेबल का आबंटन किया जाएगा, प्रत्येक विधानसभा के लिए लगाए 14-14 टेबल जाएंगे। हर टेबल पर एक गणना निरीक्षक,एक गणना सहायक, एक माइक्रो आब्जर्वर और एक ग्रुप डी कर्मचारी होंगे। साथ ही रिजर्व स्टाफ भी नियुक्त किए जाएंगे।




## हादसे में 2 नौजवानों की मौत

**कवर्धा,02 जून 2024(ए)।** जिले में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को रौंद दिया है। हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह मामला पिपरिया थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, बाइक सवार दो युवक बीती रात अपने घर दशरंगपुर जा रहे थे। तभी पिपरिया थाना क्षेत्र के ग्राम इंदौरी के पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों को चपेट में ले लिया। भीषण हादसे में दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया.। वहीं जब ग्रामीणों ने युवकों को सड़क किनारे मृत हालत में देखा तो इसकी सूचना पिपरिया थाना पुलिस को दी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों मृतक युवकों के नाम गजानंद साहू पिता जगनू साहू (उम्र 22 वर्ष) और विनय कुमार साहू पिता संतोष (साहू उम्र 24 वर्ष) है. दोनों ही दसरंगपुर गांव के रहने वाले थे। फिलहाल पिपरिया पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



## कलेक्टर-एसपी और कमिश्नरों की ट्रांसफर सूची 5 या 6 जून को

**रायपुर,02 जून 2024(ए)।** 4 जून को लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों के बाद छत्तीसगढ़ में प्रशासनिक और पुलिस महकमे में अहम बदलाव किया जाएगा। खासकर,कलेक्टर,एसपी लेवल पर। सूत्रों से पता चला है कि कई जिलों के कलेक्टर, एसपी के साथ ही जिला पंचायतों के सीईओ और नगर निगमों के कमिश्नर भी बदले जाएंगे। इसकी कवायद शुरू हो गई है। जानकारी के मुताबिक कई जिलों के कलेक्टर बदलेंगे तो आधा दर्जन से अधिक पुलिस अधीक्षक भी बदले जायेंगे। पिछली सरकार में पोस्टेड जिन कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों का पिछली सूची में नंबर नहीं लग पाया था, उनमें से अधिकांश को सरकार इस बार बदल सकती है। कुछ कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों के खिलाफ संगठन के नेताओं की भी शिकायतें हैं, उनमें से भी कुछ को बदला जाएगा। कुल मिलाकर लिस्ट अच्छी-खासी हो जाएगी। एक आईजी, और वहां के एसपी भी बदल सकते हैं। नगरीय निकाय चुनाव को ध्यान में रखते हुए कुछ नगर निगमों के आयुक्त भी बदले जाएंगे तो जिला पंचायत के दो-चार सीईओ के भी नंबर लग सकते हैं। बिलासपुर में नए कमिश्नर की पोस्टिंग भी किए जाने की सुगबुगाहट है।




## पीएटी,पीपीटी,प्री बीएबीएड और प्री बीएससी बीएड के लिए प्रवेश पत्र जारी

**रायपुर,02 जून 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) ने पीएटी, पीपीटी के साथ ही प्री बीएबीएड और प्री बीएससी बीएड के प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं, उक्त प्रवेश परीक्षाएं 9 जून को आयोजित की जाएंगी। सुबह की पाली में पीएटी और पीवीपीटी तथा दूसरी पाली में प्रीबीए बीएड और बीएससी बीएड का आयोजन किया जाएगा।अभ्यर्थी प्रवेश पत्र व्यापमं की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से एक संक्षिप्त यूआरएल भी भेजा जाएगा।, इस यूआरएल को क्लिक कर अपने मोबाइल पर सीधे प्रवेश पत्र प्राप्त कर उसका प्रिंटआउट ले सकते हैं।परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में फोटोयुक्त आईडी प्रूफ जैसे मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड व आधार कार्ड, पासपोर्ट, विद्यालय का फोटोयुक्त परिचय पत्र ले जाना अनिवार्य है. फोटोकॉपी मान्य नहीं होगी।







## छत्तीसगढ़ में 13 प्रतिशत बढ़कर 2853 करोड़ रुपए पहुंचा जीएसटी कलेक्शन

**रायपुर,02 जून 2024 (ए)।** नए वित्त वर्ष के दूसरे महीने मई में देश में जीएसटी कलेक्शन 10 फीसदी बढ़कर 1.73 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है। यह देश के कुल कलेक्शन से तीन प्रतिशत अधिक रहा। अप्रैल के महीने में जीएसटी कलेक्शन में 12.4त्न का इजाफा देखने को मिला था। इस इजाफे के बाद अप्रैल का जीएसटी कलेक्शन 2.10 लाख करोड़ के पार पहुंच गया था।इससे पहले मार्च महीने में जीएसटी कलेक्शन बढ़त के साथ 1.78 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया था। ये किसी भी महीने के लिए कलेक्शन का अब तक का तीसरा सबसे ऊंचा आंकड़ा रहा था। छत्तीसगढ़ में जीएसटी कलेक्शन 2525 करोड़ से बढ़कर 2853 करोड़ रुपए पहुंच गया है। यानि 13 प्रतिशत बढ़ा है।सरकार के जारी आंकड़ों के मुताबिक,सालाना आधार पर यानि 2023 के मई महीने के मुकाबले देश का जीएसटी कलेक्शन 10 फीसदी बढ़कर 1.73 लाख करोड़ रुपए हो गया है। कुल आदमनी रिफंड के बाद 6.9 फीसदी बढ़कर 1.44 लाख करोड़ रुपए रही है।

## हाईकोर्ट का बड़ा फैसला



» निजी स्कूलों पर ही ग्रेच्युटी भुगतान की जिम्मेदारी

**बिलासपुर,02 जून 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ में अनुदान प्राप्त अशासकीय स्कूलों से रिटायर होने वाले शिक्षकों की ग्रेच्युटी का भुगतान करने की जिम्मेदारी स्कूल प्रबंधन की होगी, न कि राज्य सरकार की। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश के खिलाफ की गई राज्य सरकार की अपील पर यह फैसला दिया है। निजी स्कूल प्रबंधकों की ओर से छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में कई अलग-अलग याचिकाएं दायर की गई थीं, जिनमें मांग की गई थी कि इन संस्थाओं से रिटायर होने वाले शिक्षकों की ग्रेच्युटी का भुगतान राज्य सरकार करे। हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने उनके पक्ष में 6 मार्च 2020 को फैसला दिया था। सिंगल बेंच ने भुगतान के लिए राज्य सरकार को उत्तरदायी माना था।हाई कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ राज्य सरकार ने डिविजन बेंच में अपील की थी। इसमें बताया गया कि वेतन का शत-प्रतिशत भुगतान शासन की ओर से इन संस्थानों को दिया जाता है। संसद में ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम 2009 में संशोधन किया था जो 16 सितंबर 2019 से लागू है। इसमें शैक्षणिक संस्थानों को ग्रेच्युटी का भुगतान करने की जिम्मेदारी दी गई है। जस्टिस संजय के अग्रवाल और जस्टिस संजय अग्रवाल ने शासन की अपील स्वीकार करते हुए 3 अप्रैल 1997 से 31 मार्च 2013 के बीच रिटायर शिक्षकों को ग्रेच्युटी राशि का भुगतान निजी शिक्षण संस्थान 6 सप्ताह के भीतर करें।

## आईएएस ऋतु सेन को छत्तीसगढ़ में जल्द मिलेगी पोस्टिंग

**रायपुर,02 जून 2024 (ए)।** विष्णुदेव साय के नेतृत्व में नई सरकार बनने के बाद पिछले तीन महीने में कई अफसर छत्तीसगढ़ लौटे हैं। इनमें 2003 बैच की आईएएस अधिकारी ऋतु सेन भी शामिल हैं। ऋतु सेन रमन सरकार के दौरान 2017 में अपर आवासीय आयुक्त बनकर दिल्ली के छत्तीसगढ़ भवन गई थी। इसके बाद सेंट्रल डेपुटेशन पर केंद्रीय आवास और शहरी विकास विभाग की डायरेक्टर बन गईं। पिछले साल वे हायर स्टडी के लिए कोलंबिया यूनिवर्सिटी गईं। ऐसे में, डेपुटेशन सात साल नहीं हुआ। मगर भारत सरकार का नियम है कि अगर हायर स्टडी के लिए विदेश जाने के बाद लौटने पर अपने कैडर में ज्वाईनिंग देनी होती है। सो, ऋतु सेन छत्तीसगढ़ लौट आई हैं। ऋतु सेन को मैदानी इलाकों में कभी पोस्टिंग नहीं मिली।



## दोस्तों संग मिलकर की लाखों की चोरी,गिरोह पकड़ाया

**डोंगरगढ़,02 जून 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध तीर्थ डोंगरगढ़ में लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। ऐसे ही बीते दिनों स्थानीय कालकापारा से लाखों के जेवरात की चोरी हुई थी। जिसकी जांच के बाद आज डोंगरगढ़ पुलिस चोरों और चोरी का माल बेचने वालों को गिरफ्तार करने में सफल हुई है। पूरे मामले का खुलासा एसडीओपी आशीष कुंजाम ने आज स्थानीय पुलिस थाना में प्रेस कांफ्रेंस करके किया। जानकारी के मुताबिक, मई 2024 में राहुल सहारे के सूने मकान में चोरी हुई थी , जिसकी लिखित शिकायत डोंगरगढ़ थाने में प्रार्थी ने दर्ज कराई, शिकायत मिलते ही पुलिस हरकत में आई और मामला पंजीबद्ध कर जाँच शुरू की। जिसमें पुलिस को आज कामयाबी मिली है।





## पिकअप पलटने से 25 लोग घायल,बच्चे भी शामिल

**बिलासपुर,02 जून 2024 (ए)।** जिले में रविवार को माल वाहक पिकअप और ट्रक के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे के बाद पिकअप पलट गई। जिससे उसमें सवार 9 महिलाएं और 3 बच्चे सहित 25 लोग घायल हो गए। सभी लोग मरहीमाता मंदिर के दर्शन करने जा रहे थे। घटना रतनपुर थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, 30 श्रद्धालुओं से भरी पिकअप (छोटा हाथी) में सवार होकर मरहीमाता मंदिर जा रहे थे। इसी दौरान रतनपुर-बेलगहना के बीच रानी बछाली मोड़ के पास सामने से आ रही ट्रक क्रमांक सीजी15 डीवाई 8312 से टक्कर हो गई। इस हादसे में घायल सभी लोगों को इलाज के लिए रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, लेकिन घायलों की स्थिति गंभीर होने के कारण करीब 20 लोगों को बिलासपुर रेफर कर दिया गया। सभी घायल बिल्हा थाना क्षेत्र के ग्राम कया के रहने वाले हैं। पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। इस सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल लोगों में 9 साल की दीपिका भी शामिल है। वहीं, घायलों में मोहित (24), शिवानी (23), रोहित (35), आदित्य (15), देवेंद्र (15), सतरूपा (45), नेहा (45) और अन्य लोग शामिल हैं।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)